PLANET NEWS INDIA
Follow us on:/

निर्भय कुमार सेंगर
(संस्थापक एवं प्रधान संपादक)

प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
RNI No.- UPHIN/25/A4228

(भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त)

■ वर्ष : 01 ■ अंक : 01 ■ अलीगढ़, रविवार 04 अक्टूबर 2026 ■ पृष्ठ : 8 ■ मूल्य : 1/-रुपया www.planetnewsindia.com

तीन साल में साफ होगी यमुना! नए सीएम से पहले सफाई अभियान शुरू

यमुना को साफ और स्वच्छ बनाने की दिशा में काम तेज करते हुए रविवार से सफाई अभियान शुरू किया गया। इसके तहत यमुना में कचरा उठाने वाले स्किमर, खरपतवार हटाने वाले यंत्र और ड्रेज यूटिलिटी क्राफ्ट को उतारा गया। यह मशीनें नियमित यमुना की सफाई करेंगी।

एलजी के आदेश के बाद एक्शन में अधिकारी

इसे लेकर उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने शनिवार को मुख्य सचिव और सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव के साथ बैठक की थी। बैठक में दोनों को यमुना की सफाई को लेकर तुरंत काम शुरू करने का आदेश दिया। यमुना साफ करने के लिए चार सूत्री काम किया जाएगा। इसके तहत सबसे पहले यमुना के बहाव में जमा कचरा, कूड़ा और गाद को हटाया जाएगा। साथ ही नजफगढ़ नाले, पूरक नाले और अन्य सभी प्रमुख नालों में सफाई अभियान चलाया जाएगा। यमुना में गिरने वाले गंदे पानी को साफ करने के लिए बनाए गए एसटीपी की क्षमता और उत्पादन की दैनिक निगरानी रखी जाएगी। साथ ही निर्णय लिया गया है कि दिल्ली में करीब 400 एमजीडी सीवर के उपचार की कमी है। इस कमी को पूरा करने के लिए नए एसटीपी-डीएसटीपी सहित अन्य के निर्माण को लेकर एक समयबद्ध योजना बनाई जाएगी। साथ ही इन्हें जल्द से जल्द चालू किया जाएगा। बता दें कि यमुना की सफाई का काम जनवरी 2023 में मिशन मोड में शुरू हुआ था, जब एनजीटी ने एलजी सक्सेना की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समिति (एचएलसी) का गठन किया था। बाद में कोर्ट के आदेश पर एनजीटी के आदेश पर रोक लगवा दी। उसके बाद यमुना की सफाई का काम प्रभावित हुआ।

तीन साल का लक्ष्य रखा

चुनावी घोषणा के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यमुना को तीन साल में साफ करने का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए विभिन्न एजेंसियों और विभागों के बीच निर्बाध समन्वय की आवश्यकता होगी। इसमें दिल्ली जल बोर्ड, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण बोर्ड, दिल्ली नगर निगम, पर्यावरण विभाग, लोक निर्माण विभाग और दिल्ली विकास प्राधिकरण शामिल हैं।

साप्ताहिक आधार पर होगी निगरानी

यमुना की सफाई को लेकर चलाए जा रहे अभियान की निगरानी साप्ताहिक आधार पर की जाएगी। इसके अलावा दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) शहर में औद्योगिक इकाइयों से नालों में अनुपचारित अपशिष्ट के निर्वहन पर कड़ी निगरानी रखेगी।

कौन हैं वो दो पायलट?:

फ्लाईदुबई विमान में मची तबाही तो बचाई लोगों की जान, अब भी सामने नहीं आई है पहचान

दुबई से तेल अवीव जा रहे फ्लाईदुबई के विमान में कप्तान पर को-पायलट के हमले के बाद विमान तेजी से नीचे गिरने लगा। इसी दौरान ड्यूटी के लिए विमान में सफर कर रहे दो अतिरिक्त पायलटों ने कॉकपिट संभाला और विमान को सुरक्षित सऊदी अरब के तबुक में उतार लिया। घटना के बाद विमान और यात्रियों को बचाने वाले इन दोनों पायलटों की पहचान कंपनी ने अब तक सार्वजनिक नहीं की है।दुबई से इस्राइल जा रहे फ्लाईदुबई के विमान में उस वक्त अफरातफरी मच गई, जब कॉकपिट के अंदर को-पायलट ने कप्तान पर अचानक हमला कर दिया। हालात इतने बिगड़ गए कि विमान तेजी से नीचे जाने लगा और उसमें सवार 182 यात्रियों की जान खतरे में पड़ गई। तभी विमान में मौजूद दो अतिरिक्त पायलट कॉकपिट में पहुंचे और उन्होंने कमान संभालकर विमान को संभाल लिया। हैरानी की बात यह है कि घटना के तीन दिन बाद भी इन दोनों पायलटों की पहचान सामने नहीं आई है। फ्लाईदुबई ने सिर्फ इतना बताया है कि दोनों ड्यूटी पर तैनात क्रू सदस्य थे और उसी विमान से यात्रा कर रहे थे।आखिर कौन थे वे दो पायलट, जिन्होंने बचाई 182 लोगों की ? शनिवार तक फ्लाईदुबई ने उन दोनों पायलटों के नाम या उनके बारे में कोई दूसरी जानकारी सार्वजनिक नहीं की थी। एयरलाइन ने उन्हें सिर्फ ड्यूटी पर मौजूद क्रू सदस्यों के तौर पर बताया है। यह भी स्पष्ट नहीं है कि एयरलाइन ने उनकी पहचान गुप्त रखने का फैसला क्यों किया। हालांकि, विमान में मौजूद एक यात्री ने उस खौफनाक घटना की पूरी कहानी बताई है। उसकी बातों से अंदाजा लगाया जा सकता है कि संकट के उस दौर में दोनों पायलटों ने किस तरह मोर्चा संभाला और विमान को सुरक्षित उतारने में अहम भूमिका निभाई

यह किसी चमत्कार से कम नहीं था'

विमान में आगे की तरफ दूसरी पंक्ति में बैठे डेनियल श्लिक्टर ने एसोसिएटेड प्रेस से बातचीत में उस घटना को याद किया। उन्होंने कहा, 'यह किसी चमत्कार से कम नहीं है।' श्लिक्टर के मुताबिक, आम तौर पर किसी उड़ान में दो अतिरिक्त पायलट मौजूद नहीं होते। इस विमान में दोनों इसलिए सवार थे क्योंकि उन्हें तेल अवीव से वापस दुबई जाना था। इस तरह जब कोई पायलट यात्री के तौर पर ड्यूटी के लिए किसी विमान में सफर करता है, तो इसे 'डेडहेडिंग' कहा जाता है।

अचानक कॉकपिट से आने लगी चीख-पुकार

कुछ देर तक सब कुछ सामान्य था, लेकिन फिर यात्रियों को पता चला कि कॉकपिट के अंदर कोई बेहद गंभीर घटना हो रही है। यात्रियों के मुताबिक, को-पायलट कप्तान पर बार-बार हमला कर रहा था और कॉकपिट के अंदर खून तक बिखर गया था। कप्तान बुरी तरह घायल हो चुके थे, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने किसी तरह कॉकपिट का दरवाजा खोल दिया। इसके बाद एक यात्री ने को-पायलट को पकड़कर कॉकपिट से बाहर खींच लिया। दूसरे यात्रियों ने भी आगे बढ़कर उसे काबू में करने की कोशिश शुरू कर दी।

तभी एक अतिरिक्त पायलट दौड़कर कॉकपिट में पहुंचा

विमान के अंदर अफरातफरी मची हुई थी। इसी बीच विमान में मौजूद अतिरिक्त पायलटों में से एक तेजी से कॉकपिट की तरफ बढ़ा। श्लिक्टर के मुताबिक, वह यात्रियों के एक समूह के ऊपर से लगभग छलांग लगाते हुए कॉकपिट तक पहुंचा और बिना एक पल गंवाए पायलट की सीट पर बैठ गया। इसके बाद उसने विमान का नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया। श्लिक्टर ने बताया कि वह पायलट सचमुच किसी हीरो की तरह काम कर रहा था। उसे देखकर ऐसा बिल्कुल नहीं लगा कि वह घबराया हुआ है। उसने तुरंत विमान को संभालना शुरू कर दिया और ऐसा लग रहा था जैसे उसे बिल्कुल पता हो कि उस वक्त क्या करना है। कुछ ही देर बाद दूसरा अतिरिक्त पायलट भी कॉकपिट में पहुंच गया। दोनों ने कॉकपिट का दरवाजा बंद कर लिया, क्योंकि वे नहीं चाहते थे कि उस वक्त कोई और अंदर आए।

विमान इतनी तेजी से नीचे आया कि रडर का हिस्सा तक टूट गया

कॉकपिट में पहुंचने के बाद दोनों पायलटों ने विमान को स्थिर करने की कोशिश शुरू कर दी। लेकिन तब तक हालात बेहद खराब हो चुके थे। विमान इतनी तेजी से नीचे की ओर जा चुका था कि उसकी पूंछ में लगे रडर का एक हिस्सा तक टूट गया था। श्लिक्टर के मुताबिक, विमान को दोबारा स्थिर करने में काफी वक्त लगा। उनका अनुमान है कि इसे संभालने में करीब 10 मिनट या उससे भी ज्यादा समय लग गया। इस दौरान विमान से 'मे डे' यानी आपातकालीन संदेश भी भेजा गया। दोनों पायलट लगातार कोशिश कर रहे थे कि विमान को किसी ऐसी जगह उतारा जा सके, जहां यात्रियों की जान बचाई जा सके।

Aligarh News: बिजली के तार, एंप्लीफायर सहित चार चोर गिरफ्तार

कोतवाली पुलिस ने पाली रोड पर चेकिंग के दौरान चोरी के माल सहित चोरी के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जबकि एक मौके से भाग निकला। आरोपियों के पास से करीब तीन-तीन फीट लंबे 664 बिजली के तार, एक तार कटर, एक एंप्लीफायर और बोलेरो बरामद हुई है।सीओ अनिवेश कुमार ने बताया कि बृहस्पतिवार की रात एसआई विकास चंद्र शर्मा और बिजेंद्र सिंह पुलिस कर्मियों के साथ पाली रोड पर गश्त कर रहे थे। सरस्वती विद्या मंदिर की ओर मुड़ने वाले रास्ते पर सफेद रंग की बोलेरो खड़ी दिखाई दी। पुलिस को देखकर बोलेरो सवार लोग पाली मुकीमपुर की ओर भागने लगे। शक होने पर पुलिस ने बोलेरो रुकवाई तो उसमें से एक व्यक्ति उतरकर खेतों की ओर भाग निकला। मौके से चार लोगों को पकड़ा गया।पकड़े गए टिंकू उर्फ रिंकू निवासी चालाकपुर, पंकज व लक्की कुमार निवासी रायपुर मुजफ्ता, जीशान निवासी मोहल्ला सराय नूर, कस्बा अतरौली शामिल हैं। भागे आरोपी का नाम विजय सिंह निवासी रायपुर मुजफ्ता है। सीओ के अनुसार पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि करीब दो माह पहले आरोपियों ने नरौना 12 नंबर तिराहा स्थित दुकान से एंप्लीफायर चुराया था।

Aligarh News: एएमयू में धरने के बीच पुलिस ने कैंपस से चार छात्रों को उठाया, बवाल

एएमयू में छात्रसंघ चुनाव के लिए चल रहे धरने के बीच पुलिस ने कैंपस से चार छात्रों को उठा लिया। इससे गुस्साए छात्रों ने बाब-ए-सैयद समेत चारों गेट बंद कर दिए। प्रॉक्टर कार्यालय को घेरने के दौरान छात्रों और प्रॉक्टर के बीच जमकर नोकझोंक और धक्का-मुक्की भी हुई। यूनिवर्सिटी के डक पॉन्ड पर 13 दिन से निलंबित छात्र यासिर फहद भूख हड़ताल पर बैठे हैं। 13वें दिन चुनाव को लेकर आंदोलन उस समय उग्र हो गया, जब एमएम हॉल के अमीन हॉस्टल से चार छात्र पुलिस ने उठा लिया और उन्हें प्रॉक्टर कार्यालय ले आई। इस खबर से छात्रों में आक्रोश पनप गया।पहले शताब्दी द्वार, बाब-ए-सैयद, मेडिकल कॉलेज की तरफ जाने वाले गेट को बंद कर दिया। इससे आवाजाही बंद हो गई। जेएन मेडिकल कॉलेज जाने वाले एंबुलेंस चालकों और अन्य लोगों को परेशानी हुई। जुलूस की शक्ल में पहुंचे छात्रों ने प्रॉक्टर कार्यालय को घेर लिया।इस दौरान उनकी प्रॉक्टर से खूब नोकझोंक भी हुई। प्रॉक्टर प्रो. मोहम्मद नवेद खान ने कहा कि धरना-प्रदर्शन से छात्रों को नहीं उठाया गया है। पुलिस के पास शरारती तत्व के हॉस्टल में होने का इनपुट था। पकड़े गए तीन छात्र हैं, जिन्हें छोड़ दिया गया है। एक युवक बाहरी है, उससे पूछताछ हो रही है।सीओ तृतीय सर्वम सिंह ने बताया कि सोमवार को फैसल त्यागी के साथ हुई मारपीट को लेकर सिविल लाइंस थाने में मुकदमे दर्ज हैं। इनमें एक प्रॉक्टर कार्यालय की ओर से और दूसरा फैसल त्यागी से मारपीट के मामले में दर्ज है।

एमएम हॉल में इन मामलों से जुड़े आरोपियों के मौजूद होने की सूचना पर पुलिस प्रॉक्टोरियल टीम के साथ पहुंची थी। चार युवकों को कार्यालय लाया गया। जांच में तीन का मुकदमों से संबंध नहीं मिला, इसलिए उन्हें छोड़ दिया गया। चौथे युवक आरिज से पूछताछ की जा रही है। उधर, चार बजे यूनियन हॉल से मार्च निकला, जो डक पॉन्ड पहुंचा।

सरकार के साथ यूनिवर्सिटी का भी तानाशाही रवैया : हुजैफा

डक पॉन्ड पहुंचे छात्रसंघ के पूर्व सचिव हुजैफा आमिर रशीदी ने भी यूनिवर्सिटी प्रशासन को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी प्रशासन ने लोकतंत्र का गला घोंट रही है। सरकार के साथ यूनिवर्सिटी भी तानाशाही रवैया अपना रही है। उन्होंने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार दिल्ली में सरकार के लिए काम रहे हैं, जबकि यहां कुलपति के लिए ज्ञानेश कुमार की तरह काम रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रॉक्टर कार्यालय की जगह एएमयू थाना बना दिया जाए।

मैं भी आऊंगा एएमयू : प्रो. झा

सांसद प्रो. मनोज झा ने भी एएमयू में चल रहे आंदोलन को समर्थन दे दिया है। उन्होंने वीडियो कॉल के जरिये यासिर फहद से बातचीत की है। प्रो. झा ने यासिर से कहा कि वह यूनिवर्सिटी स्वयं आएंगे या कामरेड जरूर आएंगे। यह मुद्दा हर फोरम पर उठाया भी जाएगा। जिंदाबाद रहो फहद, जल्द मुलाकात होगी।

नोएडा की सबसे ऊंची इमारत से सुसाइड: 'छोड़ दो नहीं तो तुम्हें भी लेकर कूद...', एसी तकनीशियन ने बताई पूरी कहानी



नोएडा के सेक्टर-94 स्थित सुपरनोवा की एस्पायरा बिल्डिंग में हुए हादसे को लेकर एसी तकनीशियन अल्ताफ ने आंखों देखा हाल बयां किया। उनके मुताबिक 42वीं मंजिल की रेलिंग के बाहर लटके सॉफ्टवेयर इंजीनियर संभव जैन बेहद तनाव में थे। बचाने की कोशिश कर रहे कर्मचारियों से उन्होंने यहां तक कह दिया था कि उन्हें छोड़ दें, वरना वह उन्हें भी साथ लेकर कूद जाएंगे।

यूपी की सबसे ऊंची बिल्डिंग नोएडा के सेक्टर-94 स्थित सुपरनोवा सोसायटी की 42वीं मंजिल से शनिवार को कूदकर इंजीनियर संभव जैन ने खुदकुशी कर ली। ऊंचाई से गिरने के कारण उसका शरीर क्षतविक्षत हो गया। इसका दिल दहलाने वाला वीडियो भी सामने आया है।

पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, गुरुग्राम निवासी संभव (30) ने शुक्रवार को ही सुपरनोवा के एक एयरबीएनबी में चेक-इन किया था, शनिवार को चेक आउट करना था।

बताया जा रहा है कि घटना के समय पास के फ्लैट में कुछ लोग एसी रिपेयरिंग कर रहे थे। उन्होंने संभव को बचाने की कोशिश की, पर उसने छलांग लगा दी। कर्ज से परेशान संभव ने खुदकुशी से पहले पिता को व्हाट्सएप पर मैसेज भेज कहा था कि वह जीना नहीं चाहता।

एसी तकनीशियन अल्ताफ ने बयां किया आंखों देखा हाल

नोएडा के सेक्टर-94 स्थित सुपरनोवा की एस्पायरा बिल्डिंग में हुए हादसे को लेकर एसी तकनीशियन अल्ताफ ने आंखों देखा हाल बयां किया। उनके मुताबिक 42वीं मंजिल की रेलिंग के बाहर लटके सॉफ्टवेयर इंजीनियर संभव जैन बेहद तनाव में थे। बचाने की कोशिश कर रहे कर्मचारियों से उन्होंने यहां तक कह दिया था कि उन्हें छोड़ दें, वरना वह उन्हें भी साथ लेकर कूद जाएंगे।

अल्ताफ ने बताया कि जब तीन सहकर्मियों संग उन्होंने संभव को बालकनी की रेलिंग के बाहर लटका देखा तो तुरंत उन्हें समझाने और ऊपर खींचने का प्रयास शुरू कर दिया। कर्मचारियों ने उन्हें सुरक्षित अंदर आने के लिए लगातार अपील की। हालांकि स्थिति तब और गंभीर हो गई जब संभव ने उन्हें पीछे हटने का इशारा करते हुए कहा, मुझे छोड़ दो, नहीं तो तुम्हें भी लेकर कूद जाऊंगा।

चेतावनी सुन चारों कर्मी एक पल के लिए पीछे हट गए। ठीक उसी समय संभव ने बालकनी से छलांग लगा दी। हादसे के बाद मायूस दिख रहे अल्ताफ ने अफसोस जताया कि चार लोग मिलकर भी जान नहीं बचा पाए।

मैं जीना नहीं चाहता, इसके लिए कोई जिम्मेदार नहीं

नोएडा। पुलिस को संभव जैन के मोबाइल फोन की जांच में पिता के साथ हुई व्हाट्सएप बातचीत मिली है। इसमें संभव ने आत्महत्या का जिक्र करते हुए लिखा था कि वह जीना नहीं चाहते। उन्होंने इसके लिए किसी को जिम्मेदार नहीं बताया। पुलिस के मुताबिक यह बातचीत घटना से पहले की है।

पुलिस चैट के समय और परिस्थितियों की भी जांच कर रही है। घटना के बाद इसके कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। एक वीडियो में चार लोग संभव को बचाने और ऊपर खींचने का प्रयास करते दिखाई दे रहे हैं।

वहीं, बिल्डिंग के नीचे मौजूद कई लोग घटना का वीडियो बनाते नजर आए। पुलिस इन वीडियो की भी जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि वीडियो से घटना के क्रम को समझने में मदद मिल सकती है।

पुलिस बोली- चार लोगों ने बचाने के लिए झोंकी पूरी ताकत

पुलिस के मुताबिक शनिवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे एसी रिपेयरिंग का काम कर रहे कर्मचारियों की नजर बालकनी की तरफ गई। उन्होंने संभव को रेलिंग के बाहर लटका देखा। उसकी स्थिति देखकर कर्मचारियों ने उसे समझाना शुरू किया। उन्होंने नीचे नहीं कूदने और वापस अंदर आने के लिए कहा।

उस समय वहां मौजूद लोगों ने उसे पकड़कर ऊपर खींचने की कोशिश की। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक संभव को बचाने के लिए चार लोगों ने प्रयास किया। चारों ने उन्हें पकड़ लिया और ऊपर खींचने की कोशिश कर रहे थे। इस दौरान संभव देर तक रेलिंग के बाहर लटके रहे।

बचाने वाले लोग लगातार समझाते रहे। पुलिस के मुताबिक इसी दौरान संभव ने वहां मौजूद लोगों से बातचीत भी की। संभव ने बताया कि वह और जीना नहीं चाहते। लोगों ने भरोसा दिलाने और वापस ऊपर खींचने का प्रयास जारी रखा। कुछ समय के लिए ऐसा लगा कि उन्हें सुरक्षित अंदर खींच लिया जाएगा।

लखनऊ: घरों के साथ पार्कों और स्टेडियम तक पहुंचा गोमती का उफान, हनुमान धाम-फूड वैली तक जलभराव; तस्वीरें

पानी में डूबने से बाल-बाल ही बचा बुजुर्ग

सुल्तानपुर, बहादुरपुर, हीरापुरवा, लासा के बाद शनिवार सुबह बाढ़ का पानी अकड़रिया गांव की सड़क पर भी भरने लगा है। बाढ़ प्रभावित गांवों में पूरी फसल पांच से दस फिट तक पानी में डूब चुकी है। शनिवार सुबह लगभग आठ बजे बहादुरपुर गांव से पांच भैंसों को एक रस्सी से बांधकर बुजुर्ग पांचू बाढ़ में डूबी सड़क के पांच फीट गहरे पानी से बाहर आ रहे थे। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने रस्सी अपने हाथ बांध रखी थी और आगे-आगे चल रहे थे, इसी बीच भैंसों ने रास्ता बदल दिया। तो पांचू गहरे पानी में डूबते-डूबते बचे।

माल में खेल से घरों तक पहुंचा पानी

जलस्तर लगातार बढ़ने से बसहरी और बहरौरा गांव में किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। दोनों गांवों में धान की पकी फसल के साथ उड़द, सब्जी और चारे के खेत पानी में डूब गए हैं। शनिवार को ग्रामीणों ने बताया कि सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न हो चुकी है। बसहरी निवासी सतीश ने बताया कि पानी भरने से उनके मकान का आधा हिस्सा डूब गया है। रमेश की गुमटी भी पानी में समा गई। बसहरी के ही बसंत का घर पानी में डूबने के बाद वह सामान और मवेशियों को लेकर दूसरे मकान में चले गए। दिनेश निषाद के घर के दरवाजे तक पानी पहुंच गया है।

सैथा में राहत-बचाव में उतरी नगर निगम की टीमें

दुबग्गा के लालजी टंडन वार्ड में सैथा समेत आसपास के गांवों में बिगड़े हालात की खबर अमर उजाला में प्रकाशित हुई तो नगर निगम प्रशासन हरकत में आया। जोनल अधिकारी मनोज यादव ने शनिवार को प्रभावित इलाकों में तीन राहत-बचाव कैंप लगवाने के साथ तीन नावें लगवाईं। नावों से पानी में फंसे लोगों को घरों से सुरक्षित बाहर निकाला जा रहा है। सैंथा, दौलतखेड़ा, गुलमीखेड़ा, सुखलालखेड़ा, उमरावखेड़ा और जेहटा रोड स्थित हयातनगर मोड़ गांव में भी ग्रामीण मुश्किलों से घिरे हैं। करीब 500 बीघे से अधिक क्षेत्र में धान और सब्जियों की फसल जलमग्न हो गई है।

Gomti river floods: लखनऊ ने वर्षों के बाद गोमती का रौद्र रुप देखा। गोमती के ऊफान की वजह से शहर के उन इलाकों में पानी भर गया जो नदी से सटे हुए थे। गोमती बीते कई दिनों से उफान पर है। फैजुल्लागंज समेत कई इलाकों में घरों की दहलीज तक पानी पहुंच चुका है। बढ़ते जलस्तर के बीच नदी का पानी गोमतीनगर में लामार्टिनियर कॉलेज के पीछे निर्माणाधीन फ्लाईओवर की करीब 30 करोड़ रुपये की निर्माण सामग्री बहा ले गया है। पानी इतनी तेजी से बढ़ा कि काम करवा रहे अधिकारी और कर्मचारी स्टोर से कागज तक नहीं समेट सके।

लामार्टिनियर कॉलेज के पीछे एलडीए जी-2 फ्लाईओवर का निर्माण करवा रहा है। कार्यदायी कंपनी एनसीसी के स्टोर मैनेजर मंतोष श्रीवास्तव ने बताया कि तीन दिन से गोमती का जलस्तर लगातार बढ़ रहा था। इस बीच उम्मीद थी कि बारिश थमने से पानी भी उतरेगा। हालांकि, शुक्रवार दोपहर बाद अचानक पानी बढ़ा और स्टोर व अन्य अस्थायी कमरों में घुस गया। सामान निकालने तक का मौका नहीं मिल सका। इससे करीब 30 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

मंतोष श्रीवास्तव ने बताया कि करीब 10 करोड़ रुपये की शटरिंग, पांच हजार लीटर डीजल, 12 ऑक्सीजन सिलिंडर, ऑयल-लुब्रिकेंट के 20 ड्रम, राशन, गैस सिलिंडर, सरिया व अन्य सामग्री पानी के साथ बह गई। इसके अलावा पांच जेनरेटर व एक डीजल टैंकर पानी में डूब गया।

सेज क्रिकेट स्टेडियम के अंदर पहुंचा पानी

गोमती का पानी सेज क्रिकेट स्टेडियम के अंदर पहुंच गया है। शुक्रवार को मैदान लबालब रहा। इस कारण सेज क्रिकेट एकेडमी को फिलहाल बंद कर दिया गया है। मैदान पर पानी भरा होने से खिलाड़ी अभ्यास भी नहीं कर पाए। अगले कुछ दिनों तक यहां क्रिकेट के मुकाबले नहीं होंगे। स्टेडियम से पानी निकालने के लिए तीन पंपिंग सेट लगाए गए हैं। पानी कई दिन भरा रहा तो इससे मैदान के खराब होने की भी आशंका है। उधर, इकाना स्टेडियम प्रांगण के बाहर भी पानी पहुंच गया है। यह स्टेडियम के अंदर न पहुंचे इसके लिए नाले को मिट्टी डालकर बंद करा दिया गया है।

जलस्तर के साथ बढ़ी लोगों की चिंता

गोमती का पानी नाले के रास्ते एमार गोमती ग्रींस की ओर से बढ़ने लगा है। बहाव तेज होने से पानी नाले के पास सड़क पर पानी भर गया है। इससे एमार गोमती ग्रींस और आसपास की सोसाइटी में रहने वालों की चिंता बढ़ गई है। एमार गोमती ग्रींस रेजिडेंट्स एसोसिएशन ने जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन, नगर निगम, बिजली निगम से गोमती के जलस्तर की निगरानी, सोसाइटी के बिजली उपकेंद्र की सुरक्षा, आपदा प्रबंधन और बचाव टीमों के नंबर उपलब्ध कराने की मांग की है।

हनुमान धाम पहुंचा पानी

गोमती का जलस्तर सामान्य से 2.44 मीटर यानी करीब आठ फीट ऊपर पहुंचकर 108.14 मीटर हो गया है। शनिवार को हनुमत धाम मंदिर परिसर तक इसका पानी पहुंच गया। प्राचीन शनि देव मंदिर व लक्ष्मण मेला मैदान के पास भी पानी भर गया है। उधर, गोमती में पानी बढ़ने के बाद रिवरफ्रंट की फूड वैली को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है।

इन दिनों फैजुल्लागंज में 200 से अधिक घर गोमती के पानी से प्रभावित हैं। हालात संभालने के लिए बैराज के सभी 10 गेट खोल दिए गए हैं। इससे पानी को डाउनस्ट्रीम की ओर तेजी से निकालने में मदद मिलेगी। नदी का पानी शहर के ड्रेनेज नेटवर्क में वापस न घुसे इसके लिए 48 आउटलेट बंद कर दिए गए हैं। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता मुकेश वैश्य के अनुसार लखीमपुर खीरी, पीलीभीत और सीतापुर की ओर से आ रहा पानी लखनऊ पहुंच रहा है। इस वजह से बारिश रुकने के बावजूद गोमती का जलस्तर बढ़ा है। उम्मीद जताई जा रही है कि ऊपरी क्षेत्रों से आने वाला पानी कम होने पर सोमवार से गोमती के जलस्तर में गिरावट शुरू हो सकती है।

30 नावों, चार राहत शिविरों से बाढ़ प्रभावितों को राहत

गोमती नदी का जलस्तर बढ़ने से बीकेटी तहसील के लासा, बहादुरपुर, सुल्तानपुर, अकड़िया मऊ समेत आसपास के गांवों में भरा पानी थोड़ा कम जरूर हुआ है, लेकिन पीड़ितों की मुश्किल अभी कम नहीं हुई है। प्रभावित परिवारों के आवागमन व लोगों तक राहत पहुंचाने के लिए 30 नावों की व्यवस्था की गई है। चार राहत शिविर एवं सहायता केंद्र भी बनाए गए हैं। यहां प्रभावित लोगों को भोजन और जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। डीएम विशाख जी ने लगातार दूसरे दिन संयुक्त पुलिस आयुक्त बबलू कुमार के साथ नाव से प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानीं। डीएम ने राहत कार्य में किसी तरह की लापरवाही नहीं होने देने के निर्देश दिए।

डीएम ने बताया कि राहत शिविरों में रह रहे लोगों को पका भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रभावित परिवारों को राहत किट भी दी जा रही है। डीएम के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने भी प्रभावित गांवों में पहुंच कर वहां आवश्यक दवाओं की किट और क्लोरीन की गोलियां बांटी हैं। पशुपालन विभाग ने पशुओं के लिए हरे चारे और भूसे की व्यवस्था की है। पशु चिकित्सकों की टीमें प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर पशुओं का उपचार कर रही हैं।

जिलाधिकारी ने राहत शिविरों और आपदा राहत सामग्री भंडारण केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। प्रभावित क्षेत्रों में तैनात राजस्व, स्वास्थ्य और पशुपालन विभाग के कर्मचारियों से राहत कार्यों की जानकारी ली। अधिकारियों को जरूरत के अनुसार अतिरिक्त नाव और अन्य संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा: सैनिक का पार्थिव शरीर ले जा रही एंबुलेंस दुर्घटनाग्रस्त, चार लोगों की मौत

रविवार को सुबह सुबह पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा हो गया। यहां सैनिक का पार्थिव शरीर ले जा रही एंबुलेंस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। आगे पढ़ें विस्तार से...

यूपी के सुल्तानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर रविवार को सुबह सैनिक का पार्थिव शरीर ले जा रही एंबुलेंस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

हादसा हलियापुर थाना क्षेत्र के जरई कला के पास सुबह करीब 8:30 बजे हुआ। यहां एंबुलेंस हादसे का शिकार हो गई। यह लखनऊ से सूबेदार सत्यवान सिंह का पार्थिव शरीर लेकर गाजीपुर जा रही थी। हादसे में देवरिया के गइला, दुधिला निवासी साजन सिंह (35), गौरव सिंह (28), राम समुझ सिंह (40) और चालक जसपाल (30) की मौत हो गई।

घर ले जाया जा रहा था पार्थिव शरीर

यूपीडा कर्मियों के मुताबिक, दो शव पिठला अस्पताल भेजे गए हैं। चालक का शव एंबुलेंस में बुरी तरह फंस गया। उसे निकालने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर पहुंचे एसआई शैलेंद्र सिंह ने बताया कि रुद्रपुर के गइला, दुधिला निवासी सत्यवान सिंह सूबेदार थे। उनका निधन हो गया था। उनका शव घर ले जाया जा रहा था। रास्ते में दुर्घटना हो गई। विधिक कार्रवाई की जा रही है।

UP: प्रदेश के हर जिले से पूरी तरह से विदा हुआ मानसून, धूप बढ़ने से दिन और रात के तापमान में दस डिग्री का अंतर

यूपी से मानूसन पूरी तरह से विदा हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में सर्दी का आहट मिलेगी। यूपी के साथ कई और राज्यों से भी मानसून विदा हो गया है।

उत्तर प्रदेश से शनिवार को वर्षा ऋतु की विदाई हो गई। मौसम विभाग के मुताबिक यूपी के साथ उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और गुजरात से भी मानसून लौट गया है।

इसके साथ ही अब मौसम में शरद ऋतु का हल्का असर दिखने लगा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बदायूं और सहारनपुर में शनिवार सुबह हल्के कोहरे की चादर दिखी। प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी सुबह-शाम हवा में ठंडक महसूस होने लगी है। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अगले दो दिन तापमान में खास बदलाव के आसार नहीं हैं। पुरवा हवाओं के प्रभाव से बादलों की सक्रियता बढ़ सकती है। इसके चलते सोमवार और मंगलवार को तराई के जिलों में छिटपुट बूंदाबांदी होने की संभावना है। हालांकि प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम मुख्यतः साफ रहने की उम्मीद है।

दिन-रात के पारे में 10 डिग्री का अंतर

यूपी से मानूसन की विदाई के साथ राजधानी के मौसम में बदलाव महसूस होने लगा है। सुबह और शाम की हवा में हल्की ठंडक घुलने लगी है। हालांकि, दिन में तेज धूप अब भी गर्मी का अहसास करा रही है। शनिवार को दिन और रात के तापमान में करीब 10 डिग्री सेल्सियस का अंतर रहा। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों तक तापमान में विशेष बदलाव के आसार नहीं हैं।

क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार से पुरवा हवाओं के असर से बादलों की सक्रियता बढ़ सकती है। हालांकि, बारिश की संभावना नहीं है। बादलों की मौजूदगी से तापमान में मामूली गिरावट हो सकती है। शनिवार को अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस रहा, जो शुक्रवार के मुकाबले स्थिर रहा। न्यूनतम तापमान 0.8 डिग्री की बढ़ोतरी के साथ 24.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

केतन मर्डर केस: 1801 चैट का डेटा रिकवर, सास से माफी-गुस्सा शांत कैसे करें? सिया ने चैटजीपीटी पर क्या सर्च किया

चार्जशीट में दर्ज गवाही के अनुसार, घटना से एक महीने पहले 16 मई को केतन अपनी एक पुरानी महिला दोस्त के घर गया था। उसकी सगाई के मौके पर मिलने गए केतन ने परेशान होकर सिया के व्यवहार के बारे में बताया था। उसने अपनी उस दोस्त के सामने अपना दर्द बयां किया था कि सिया को शराब की लत लग चुकी है, वह उस पर लगातार मानसिक दबाव बनाती है और उसने अपनी पढ़ाई-लिखाई के बारे में भी झूठ बोला है।

एक तरफ जहां सिया के दिमाग में हत्या की योजना चल रही थी, वहीं दूसरी तरफ केतन उसके जन्मदिन के लिए बड़े आयोजन की तैयारी कर रहा था। 19 जून को सिया का जन्मदिन मनाने के लिए उसने महाबलेश्वर के एक बड़े होटल में 25 कमरे और एक प्राइवेट स्विमिंग पूल बुक किया था। इसके लिए 3 लाख रुपये का खर्च आने वाला था और केतन ने 50 हजार रुपये अग्रिम भी दे दिए थे। व्हाट्सएप पर 'जून 19 बर्थडे सेलिब्रेशन' नाम से एक खास ग्रुप भी बनाया गया था। हालांकि, जिसने उसके लिए इतनी बड़ी तैयारी की थी, उसकी 18 जून को लोहगढ़ से गिरकर मौत होने के बाद सिया उसके अंतिम दर्शन के लिए भी नहीं पहुंची। पुणे पुलिस ने चार्जशीट में मजबूत टेक्निकल और डिजिटल सबूत जोड़े हैं।

पुणे के लोहगढ़ किले की चट्टान से घाटी में गिरकर हुई केतन अग्रवाल की मौत एक साधारण हादसा नहीं, बल्कि ठंडे दिमाग से रचा गया एक भयानक षड्यंत्र था—यह खुलासा पुणे पुलिस द्वारा दाखिल 5,053 पन्नों की चार्जशीट से हुआ है। इस मामले में पुलिस ने सिया गोयल, उसके साथी चेतन चौधरी और रितेश हांगे के खिलाफ डिजिटल सबूत इकट्ठा किए हैं। आरोपियों ने अपराध का कोई भी सबूत न छूटे, इसके लिए मोबाइल से कई मैसेज पूरी तरह मिटा दिए थे। हालांकि, साइबर फॉरेंसिक टीम ने 1,801 चैट का डेटा रिकवर कर लिया है, जिसमें व्हाट्सएप से डिलीट की गई 11 बहुत महत्वपूर्ण बातचीत भी शामिल हैं। इसके अलावा चैटजीपीटी पर की गई 81 सर्च, व्हाट्सएप पर 367, इंस्टाग्राम पर 248, स्नैपचैट पर 128 और बायोमी व फेसबुक जैसे अन्य ऐप्स के डेटा की भी फॉरेंसिक टीम ने गहन जांच की है।

पुलिस की जांच रिपोर्ट के अनुसार, 18 जून को जिस स्थान से केतन को नीचे घाटी में धकेला गया, उस जगह की रेकी सिया ने काफी दिन पहले ही कर ली थी। 31 मई को वह केतन को लोहगढ़ घुमाने ले गई थी। वहां बने बांध के पानी और कुदरती नजारों को देखने के बहाने उसने केतन को चट्टान के बिल्कुल किनारे पर खड़ा कर दिया और पीछे से अलग-अलग कोणों से उसकी तस्वीरें लीं। पुलिस को पूरा संदेह है कि हत्या की साजिश को अंजाम देने के लिए ही यह पूरी तैयारी की जा रही थी। चौंकाने वाली बात यह भी है कि 14 जून को भी सिया ने उसे लोहगढ़ से नीचे धकेलने की कोशिश की थी, लेकिन उस समय उसकी योजना सफल नहीं हो पाई थी।

मामले की जांच में सबसे हैरान करने वाला पहलू आरोपियों के इंटरनेट सर्च का सामने आया है। केतन की मां के साथ विवाद होने के बाद सास से भावनात्मक माफी कैसे मांगी जाए और पति का गुस्सा कैसे शांत किया जाए -- यहां से लेकर पति की मौत के बाद दुख का नाटक कैसे रचा जाए और संवेदनाएं कैसे जताई जाएं, इसकी सलाह सिया ने सीधे चैटजीपीटी से मांगी थी। इतना ही नहीं, हत्या के बाद समाचार पत्रों में खबरें किस तरह छपती हैं और क्या पुलिस सचमुच मिटाई गई चैट ढूंढ सकती है, इसकी भी जानकारी गूगल पर तलाशी गई थी।

पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, इस पूरी साजिश को रचते समय 'बदला', 'इत्तेफाक', 'हिट: द फर्स्ट केस' और 'चोर निकल के भागा' जैसी सस्पेंस और अपराध पर आधारित फिल्मों का सहारा लिया गया था। लोगों के दिमाग से खेलकर उन्हें गुमराह कैसे किया जाए, इससे जुड़े पॉडकास्ट भी सुने गए थे। चौंकाने वाली बात यह है कि साल 2025 में लोहगढ़ में ही हुई एक पर्यटक की मौत की घटना और मेघालय के राजा रघुवंशी हत्याकांड की विस्तृत जानकारी आरोपियों ने इंटरनेट पर पढ़ी थी। इस अपराध की जड़ तक पहुंचने के लिए पुलिस ने करीब 9,200 वीडियो खंगाले, जिससे पता चला कि घटना के समय वहां मौजूद अन्य पर्यटकों के कैमरों में भी ये आरोपी कैद हो गए थे।

'मुसलमानों के खिलाफ फर्जी फॉर्म-7 का खेल बंद हो': एसआईआर पर भड़के ओवैसी , कहा- नहीं रुका तो सड़कों पर उतरेंगे

इससे पहले, ओवैसी ने आरोप लगाया था कि वोटर लिस्ट का 'स्पेशल इंटेंसिव रिविजन' (एसआईआर) असल में पिछले दरवाजे से लाया गया एनआरसी NRC है। इसके साथ ही दावा किया था कि भाजपा इस प्रक्रिया का इस्तेमाल नागरिकता की परीक्षा के तौर पर करेगी। गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में ओवैसी ने कहा कि उनकी पार्टी ने शुरू से ही एसआईआर का विरोध किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रक्रिया से मुश्किलें पैदा होंगी और आखिरकार इसका इस्तेमाल 'नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजन' (NRC) के आधार के तौर पर किया जाएगा।

एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने एसआईआर के दौरान फर्जी फॉर्म-7 दाखिल किए जाने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि मुस्लिम मतदाताओं के नाम हटाने के लिए इसका गलत इस्तेमाल हो रहा है। ओवैसी ने चुनाव आयोग से कार्रवाई की मांग की। एआईएमआईएम अध्यक्ष और हैदराबाद सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने शनिवार को मतदाता सूची के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) के दौरान फर्जी फॉर्म-7 आवेदन दाखिल किए जाने के आरोप में हैदराबाद में विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी।

असदुद्दीन ओवैसी ने क्या कहा?

शनिवार को मिलाद मैदान में 57वें 'जलसा-ए-मिलाद-उन-नबी' को संबोधित करते हुए ओवैसी ने कहा 'अगर फर्जी फॉर्म 7 भरे जा रहे हैं, तो हम चुनाव आयोग से अपील करते हैं कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करे। अगर यह नाटक बंद नहीं हुआ, तो याद रखिए हैदराबाद की सड़कों और गलियों में दिल्ली के जंतर-मंतर से भी बड़े विरोध प्रदर्शन होंगे, और इससे आपको बहुत परेशानी होगी। मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन चुप नहीं बैठेगी।'

ओवैसी ने क्या आरोप लगाए?

फॉर्म-7 का इस्तेमाल वोटर लिस्ट में किसी का नाम शामिल करने पर आपत्ति जताने या तय आधारों पर किसी एंट्री को हटाने की मांग करने के लिए किया जाता है। ओवैसी ने आरोप लगाया कि भाजपा और संघ परिवार मुस्लिम वोटरों को फाइनल वोटर लिस्ट से हटाने के लिए फॉर्म-7 का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'ऐसे प्रिंटेड फॉर्म-7 जमा किए जा रहे हैं जिनमें उस व्यक्ति का नाम तो है जिसे लिस्ट से हटाना है, लेकिन फॉर्म भरने वाले व्यक्ति का नाम और जानकारी नहीं दी जा रही है। अगर ऐसा हो रहा है, तो यह पूरी तरह गलत है।'

चुनाव आयोग से क्या अपील की?

उन्होंने भारत के चुनाव आयोग से इस मामले पर ध्यान देने की अपील की। उन्होंने कहा, 'हम तेलंगाना के मुख्य चुनाव अधिकारी और जिला चुनाव अधिकारियों को भी बता रहे हैं कि ऐसा होने नहीं दिया जा सकता।'

महाराष्ट्र: गजल गायक तलत अजीज के घर में लगी भीषण आग, धुएं से परिवार अस्पताल में भर्ती, सभी को मिली छुट्टी

मुंबई के जुहू में गजल गायक तलत अजीज के घर में भीषण आग लग गई। धुएं से तलत अजीज, उनकी पत्नी, दो बेटों समेत पांच लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। सभी को शनिवार को छुट्टी मिल गई। आग में घर, हारमोनियम और कई पेंटिंग्स समेत कीमती सामान जलकर नष्ट हो गए। मुंबई के जुहू इलाके में शुक्रवार देर रात दिग्गज गजल गायक तलत अजीज के डुप्लेक्स अपार्टमेंट में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि उनका पूरा घर जलकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। धुआं भरने के कारण दम घुटने की शिकायत के बाद तलत अजीज , उनकी पत्नी, दो बेटों और एक अन्य व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। राहत की बात यह है कि इलाज के बाद शनिवार को सभी को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई और परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित हैं।

रात में क्या हुआ?

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार रात 10 बजकर 56 मिनट पर जुहू की पांच मंजिला इमारत के ग्राउंड फ्लोर पर आग लगने की सूचना मिली। आग में इलेक्ट्रिक वायरिंग, सोफा और स्प्लिट एयर कंडीशनर समेत घर का काफी सामान जल गया। तलत अजीज का परिवार इस इमारत में पिछले करीब 40 साल से रह रहा है। आग की सूचना मिलते ही मुंबई फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और रात 11 बजकर 58 मिनट तक आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। मौके पर पुलिस, अडाणी इलेक्ट्रिसिटी और नगर निगम के कर्मचारी भी पहुंचे थे। फायर ब्रिगेड के अधिकारी आग लगने की असली वजह का पता लगाने में जुटे हैं।

धुएं में सांस लेने के कारण 70 वर्षीय तलत अजीज , उनकी 65 वर्षीय पत्नी बीना, बेटे शायान (30) और अदनान (25) तथा सिकंदर सिंह (45) को परेशानी होने लगी थी। इसके बाद सभी को नजदीक के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनका इलाज किया। शनिवार को हालत में सुधार होने के बाद सभी को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

तलत अजीज ने क्या बताया?

हादसे का मंजर बताते हुए तलत अजीज ने मीडिया से कहा कि जब आग लगी, तब वह नीचे हॉल में बैठकर टीवी देख रहे थे, जबकि उनकी पत्नी बीना ऊपर वाले कमरे में थीं। अचानक हॉल में लगा एक एयर कंडीशनर, जो उस समय चालू भी नहीं था, उसमें से चिंगारियां निकलने लगीं। देखते ही देखते आग फैल गई। उन्होंने बताया कि उन्हें सबसे ज्यादा चिंता अपनी पत्नी की सुरक्षा को लेकर थी और वह लगातार उन्हें आवाज दे रहे थे।

पत्नी ने अपनी जान कैसे बचाई?

बीना ऊपर बाथरूम की तरफ भागीं। उन्होंने तुरंत शावर चालू किया और खिड़की से बाहर मदद के लिए पुकारने लगीं। इसी दौरान एक पड़ोसी ने हिम्मत दिखाई और सीढ़ी लगाकर बीना को खिड़की के रास्ते सुरक्षित बाहर निकाला। इस तरह उनकी जान बच सकी।

तलत अजीज ने बताया कि घर में धुआं बहुत ज्यादा भर जाने के कारण परिवार के सदस्यों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। हालांकि अब सभी को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। घर के दोबारा रहने लायक होने तक पूरा परिवार एक होटल में रहेगा।

इस मुश्किल वक्त में तलत अजीज ने पुलिस, फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस सेवा का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि सूचना मिलते ही सभी एजेंसियां तेजी से मौके पर पहुंचीं और मदद की। उन्होंने पड़ोसियों की मदद की भी सराहना की।

आग में कितना नुकसान हुआ?

आग में तलत अजीज का हारमोनियम और उनकी पत्नी बीना की बनाई हुई कई पेंटिंग्स समेत कई कीमती सामान जलकर नष्ट हो गए। हालांकि इन सामानों के खोने का उन्हें दुख है, लेकिन परिवार के सभी सदस्यों के सुरक्षित बच जाने से वह राहत महसूस कर रहे हैं। तलत अज़ीज़ ग़ज़ल संगीत की दुनिया के मशहूर नाम हैं। वह 'फिर छिड़ी रात', 'जिंदगी जब भी' और 'आईना मुझसे मेरी' जैसे लोकप्रिय गानों के लिए जाने जाते हैं।

सेंट्रल लाइब्रेरी पर सुप्रीम कोर्ट ने लिया संज्ञान: सेंट्रल विस्टा में नहीं मिली जगह, जानिए क्या है विवाद?

135 साल पुरानी सेंट्रल सेक्रेटेरिएट लाइब्रेरी के सेंट्रल विस्टा परियोजना के बीच संभावित स्थानांतरण पर सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। लाइब्रेरी में 8.5 लाख से अधिक किताबें हैं। मिनिस्ट्री ऑफ हाउसिंग एंड अर्बन अफेयर्स और सेंट्रल पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट इसके लिए नई जगह तलाश रहे हैं।

दिल्ली की 135 साल पुरानी सेंट्रल सेक्रेटेरिएट लाइब्रेरी (CSL) को को मौजूदा जगह से हटाकर कहीं और ले जाने की तैयारी चल रही है। लेकिन चिंता इस बात को लेकर है कि नए सेंट्रल विस्टा प्लान में इस लाइब्रेरी के लिए कोई स्पष्ट जगह दिखाई नहीं दे रही है। अब इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने खुद संज्ञान लिया है। मामले की सुनवाई सोमवार को जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस संजीव सचदेवा की बेंच करेगी। इस ऐतिहासिक लाइब्रेरी में 8.5 लाख से ज्यादा किताबें और महत्वपूर्ण दस्तावेज मौजूद हैं।

नई जगह की तलाश, लेकिन अब तक तस्वीर साफ नहीं

रिपोर्टों के मुताबिक, लाइब्रेरी को मौजूदा जगह से हटाकर कहीं और ले जाने की तैयारी चल रही है। हालांकि, उसके लिए उपयुक्त जगह अभी तक तय नहीं हो पाई है। केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय (MoHUA) और केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (CPWD) नई जगह तलाश रहे हैं। इतनी बड़ी संख्या में किताबों और रिकॉर्ड को सुरक्षित तरीके से रखने के लिए जगह का पर्याप्त होना सबसे बड़ी चुनौती है।

लाखों किताबें सिर्फ किताबें नहीं, इतिहास का खजाना हैं

सेंट्रल सेक्रेटेरिएट लाइब्रेरी की उम्र करीब 135 साल है। इतने लंबे समय में यहां किताबों के साथ-साथ कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और संदर्भ सामग्री जमा हुई है। ऐसे में इसे सिर्फ एक सामान्य लाइब्रेरी की तरह दूसरी जगह ले जाना आसान काम नहीं माना जा रहा। किताबों को सुरक्षित रखना, उनका रिकॉर्ड बनाए रखना और पाठकों की पहुंच बरकरार रखना भी बड़ी जिम्मेदारी होगी।

सेंट्रल विस्टा में जगह क्यों नहीं मिली?

सेंट्रल विस्टा परियोजना के तहत दिल्ली के सरकारी भवनों और दफ्तरों के इलाके को नए सिरे से विकसित किया जा रहा है। इसी बदलाव के बीच CSL के भविष्य को लेकर सवाल उठे हैं। खास चिंता यह है कि इतनी पुरानी और महत्वपूर्ण लाइब्रेरी को नई योजना में उचित स्थान क्यों नहीं मिल पाया और अगर इसे हटाया जाता है तो इसकी नई व्यवस्था कैसी होगी।

सुप्रीम कोर्ट के संज्ञान से बढ़ी उम्मीद

सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लेकर यह साफ कर दिया है कि लाइब्रेरी के भविष्य को लेकर उठ रहे सवालों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अब सोमवार की सुनवाई में अदालत के सामने लाइब्रेरी की मौजूदा स्थिति, संभावित स्थानांतरण और इसके लिए की जा रही व्यवस्थाओं से जुड़े मुद्दे आ सकते हैं। लाखों किताबों से जुड़ा यह मामला अब अदालत की निगरानी में पहुंच गया है।

रिजर्व बैंक: एआई कंपनियों के वैल्यूएशन में कमी से भारत में बढ़ सकता है पूंजी प्रवाह, आरबीआई गवर्नर का बयान

आरबीआई गवर्नर ने एआई से जुड़ी वैल्यूएशन में अत्यधिक बढ़ोतरी को अंतरराष्ट्रीय वित्तीय प्रणाली के सामने मौजूद पांच प्रमुख चिंताओं में से एक बताया।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से जुड़ी कंपनियों के वैल्यूएशन में कमी से वैश्विक निवेश चक्र में धीमेपन के बावजूद भारत में पूंजी प्रवाह में वृद्धि हो सकती है। यह जानकारी भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा की ओर से शनिवार को दी गई। राष्ट्रीय राजधानी में कौटिल्य इकोनॉमिक कॉन्क्लेव 2026 में बोलते हुए, मल्होत्रा ने कहा कि हाल के वर्षों में एआई निवेश में आई तेजी ग्लोबल फाइनेंशियल मार्केट के लिए एक मुख्य प्रेरक रही है।

गिरावट वैश्विक बाजारों के लिए जोखिम

हालांकि, उन्होंने कहा कि एआई से जुड़े निवेश या कमाई में किसी भी तरह की कमी से इस सेक्टर से जुड़ी वित्तीय संपत्तियों की कीमतों में बड़ा बदलाव आ सकता है। इस तरह की गिरावट वैश्विक बाजारों के लिए जोखिम है, लेकिन इसका भारत पर सकारात्मक प्रभाव होगा। मल्होत्रा ने कहा, 'अगर विकसित देशों में एआई से जुड़ी वैल्यूएशन में सुधार होता है, तो इससे पूंजी के प्रवाह पर सकारात्मक असर पड़ सकता है।'

उन्होंने आगे कहा कि हाल के महीनों में भारतीय इक्विटी मार्केट में भी ऊंचे वैल्यूएशन से सुधार हुआ है, लेकिन उन्होंने इसे प्रक्रिया का हिस्सा बताया। उनके अनुसार, अन्य जोखिमों में ग्लोबल स्तर पर बढ़ा हुआ कर्ज, नॉन-बैंक फाइनेंशियल सेक्टर में लीवरेज (उधार लेकर निवेश), प्राइवेट क्रेडिट एक्सपोजर का बढ़ना और साइबर सुरक्षा से जुड़े खतरे शामिल हैं। साथ ही, उन्होंने कहा कि इन कमजोरियों का मतलब तुरंत कोई फाइनेंशियल संकट आना नहीं है।

देश बाहरी झटकों के प्रति संवेदनशील बना हुआ है'

उन्होंने कहा, 'ऐसा नहीं है कि मुझे संकट के कोई तुरंत संकेत दिख रहे हैं, लेकिन हमें इन जोखिमों को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है।' देश मजबूत व्यापक आर्थिक आधार और बैंकों व नॉन-बैंक फाइनेंशियल संस्थानों की मजबूत बैलेंस शीट के दम पर एक चुनौतीपूर्ण ग्लोबल माहौल का सामना कर रहा है। उन्होंने माना कि कमोडिटी की कीमतों, ग्लोबल फाइनेंशियल स्थितियों और कैपिटल फ्लो के कारण देश बाहरी झटकों के प्रति संवेदनशील बना हुआ है, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि घरेलू फाइनेंशियल सिस्टम मजबूती बनाए हुए है।

पेट्रोल पांच रुपये और डीजल तीन रुपये महंगा: इस तेल कंपनी ने आज से बढ़ाए दाम; क्या है वजह?

नायरा एनर्जी ने पेट्रोल पांच रुपये और डीजल तीन रुपये प्रति लीटर महंगा कर दिया है। शनिवार तड़के से लागू हुई बढ़ोतरी ऐसे समय हुई है, जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने से तेल कंपनियों पर दबाव है। सरकारी तेल कंपनियों ने अभी दाम नहीं बढ़ाए हैं। ऐसे में निजी और सरकारी पेट्रोल पंपों पर कीमतों का अंतर बढ़ सकता है।

निजी ईंधन कंपनी नायरा एनर्जी ने पेट्रोल की कीमत में पांच रुपये और डीजल में तीन रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है। नई दरें शनिवार तड़के से लागू हो गई हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें बढ़ने के कारण कंपनी ने यह कदम उठाया है। इससे निजी और सरकारी पेट्रोल पंपों की कीमतों में अंतर बढ़ सकता है। कंपनी के देशभर में 7,108 पेट्रोल पंप हैं।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ती कीमतों का असर

कंपनी ने यह कदम ऐसे समय उठाया है, जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और उससे तैयार होने वाले पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें बढ़ने से ईंधन कंपनियों पर दबाव है। पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव और ऊर्जा आपूर्ति में बाधाओं ने भी तेल बाजार को प्रभावित किया है। नायरा की ओर से कीमतों में ताजा बढ़ोतरी पर आधिकारिक प्रतिक्रिया के लिए भेजे गए ईमेल का जवाब नहीं मिला।

मार्च में भी बढ़ाए थे दाम, जुलाई में दी थी राहत

इस साल ईरान संघर्ष के कारण अंतरराष्ट्रीय तेल आपूर्ति प्रभावित होने के बाद नायरा ने सबसे पहले पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ाए थे। कंपनी ने 26 मार्च को पेट्रोल पांच रुपये और डीजल तीन रुपये प्रति लीटर महंगा किया था। उस समय उसके पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल की कीमत 100.71 रुपये और डीजल की कीमत 91.31 रुपये प्रति लीटर हो गई थी। इसके बाद मई में सरकारी तेल कंपनियों ने भी कीमतें बढ़ानी शुरू कर दी थीं। मई के आखिर तक अलग-अलग चरणों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कुल मिलाकर करीब 7.50 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई थी।

हालांकि, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें घटने और पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के बाद नायरा ने 1 जुलाई को पेट्रोल पांच रुपये और डीजल तीन रुपये प्रति लीटर सस्ता कर दिया था। अब कंपनी ने एक बार फिर कीमतें बढ़ा दी हैं।

सरकारी तेल कंपनियों ने नहीं बढ़ाए दाम

देश में पेट्रोल पंपों के नेटवर्क पर सरकारी तेल कंपनियों का दबदबा है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन के पास देश के 1,04,137 पेट्रोल पंपों में से 90 प्रतिशत से अधिक हैं। ये कंपनियां अंतरराष्ट्रीय बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद लंबे समय तक खुदरा कीमतें स्थिर रखती रही हैं।

रिलायंस इंडस्ट्रीज और ब्रिटेन की बीपी के संयुक्त उपक्रम जियो-बीपी के पास 2,304 पेट्रोल पंप हैं। कंपनी ने अब तक पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं किया है। ऐसे में नायरा के दाम बढ़ाने से अलग-अलग कंपनियों के पेट्रोल पंपों पर ईंधन की कीमतों में अंतर बढ़ सकता है।

पेट्रोल पंपों पर बिक्री सीमित करने का मुद्दा भी उठा

एक अक्टूबर को सरकार ने निजी ईंधन विक्रेताओं से कहा था कि वे अपने पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल की बिक्री सीमित न करें। इससे पहले नायरा और जियो-बीपी ने खुदरा बिक्री में नुकसान के बीच कुछ पेट्रोल पंपों पर ईंधन की बिक्री की मात्रा सीमित की थी।

महंगाई की आशंका बढ़ी:

आरबीआई पर ब्याज दर बढ़ाने का दबाव, रुपया भी कमजोर; क्या अक्तूबर में बढ़ेगा रेपो रेट?

महंगाई बढ़ने की आशंका के बीच आरबीआई पर ब्याज दर बढ़ाने का दबाव बढ़ गया है। रुपये की कमजोरी और विदेशी निवेश की बिकवाली भी चुनौती बनी हुई है। क्या अक्तूबर में रेपो रेट बढ़ाकर आरबीआई महंगाई पर लगाम लगाने की कोशिश करेगा? महंगाई में तेज वृद्धि की आशंका और दुनिया के प्रमुख केंद्रीय बैंकों के रुख में बदलाव के बीच भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के सामने ब्याज दरें बढ़ाने का दबाव बढ़ गया है। 5 से 7 अक्तूबर तक होने वाली आरबीआई की छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में इस बार दरें बढ़ाने का फैसला किया जा सकता है।रॉयटर्स के अर्थशास्त्रियों के सर्वे के मुताबिक, आरबीआई रेपो रेट में 25 आधार अंक की बढ़ोतरी कर इसे 5.50 फीसदी कर सकता है। ऐसा हुआ तो फरवरी 2023 के बाद पहली बार रेपो दर 5.25 फीसदी के पार निकलेगी। सर्वे में शामिल 53 में से 29 अर्थशास्त्रियों ने दिसंबर तक 25 आधार अंकों की एक और बढ़ोतरी का अनुमान जताया है। अगस्त में देश की खुदरा महंगाई बढ़कर 4.82 फीसदी हो गई, जो आरबीआई के 4 फीसदी लक्ष्य से लगातार तीसरे महीने ऊपर रही। थोक महंगाई भी अगस्त में बढ़कर 9.92 फीसदी हो गई। अमेरिकी फेडरल रिजर्व व जापान केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दरों में 25 आधार अंकों की बढ़ोतरी के बाद आरबीआई के ऐसा करने की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता।रुपये और विदेशी निवेश की चुनौती : डॉलर के मुकाबले रुपया इस साल करीब 6 फीसदी कमजोर हो चुका है। वहीं, अमेरिकी ब्याज दरों में बढ़ोतरी और भारत-अमेरिका ब्याज दरों के अंतर में कमी के कारण विदेशी निवेशकों की बिकवाली भी जारी है।

6.5% के पार जा सकती है महंगाई

एसबीआई रिसर्च के मुताबिक, खुदरा महंगाई सितंबर में बढ़कर करीब 5.65 फीसदी और अक्तूबर-नवंबर में 6.5 फीसदी से ऊपर जा सकती है। हालांकि, 2027 की शुरुआत में इसके फिर 6 फीसदी से नीचे आने का अनुमान है। ब्रोकरेज ने अक्तूबर की बैठक में रेपो दर 25 आधार अंक बढ़ने की संभावना जताई है।

रुपये और विदेशी निवेश की चुनौती : डॉलर के मुकाबले रुपया इस साल करीब 6 फीसदी कमजोर हो चुका है। वहीं, अमेरिकी ब्याज दरों में बढ़ोतरी और भारत-अमेरिका ब्याज दरों के अंतर में कमी के कारण विदेशी निवेशकों की बिकवाली भी जारी है।

पिछली पांच बैठकों में क्या हुआ?

आरबीआई ने दिसंबर 2025 में रेपो रेट को 5.50% से घटाकर 5.25% किया था। 2026 में फरवरी, अप्रैल, जून और अगस्त की बैठकों में कोई बदलाव नहीं हुआ।

बिजनेस अपडेट्स:नाइकी से भारत में निवेश बढ़ाने की अपील

पीयूष गोयल ने अमेरिका दौरे पर सीओओ से की मुलाकात

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने नाइकी के नेतृत्व से भारत में निवेश को लेकर चर्चा की। उन्होंने नाइकी के अधिकारियों को "जस्ट डू इट" का सीधा संदेश दिया। गोयल ने नाइकी के सीओओ वेंकटेश अलगिरिसामी से मुलाकात की। मुख्य कानूनी अधिकारी रॉब लीनवांड और मुख्य सरकारी तथा जनसंपर्क अधिकारी जॉर्ज कैसिमिरो भी इस बैठक में शामिल थे। गोयल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारत की वृद्धि कहानी में निवेश का संदेश सरल है। उन्होंने कहा, "बस कर डालो।" मंत्री मिल्वौकी में जी20 व्यापार मंत्रियों की बैठक के लिए गए थे। उन्होंने नाइकी के साथ भारत में विनिर्माण, स्थानीय सोर्सिंग और खेल पारिस्थितिकी तंत्र में उपस्थिति बढ़ाने के अवसर तलाशे।

927 करोड़ की धोखाधड़ी में ओजोन का सीएमडी गिरफ्तार

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने घर खरीदारों से 927.22 करोड़ की धोखाधड़ी में ओजोन अर्बाना इन्फ्रा डेवलपर्स प्राइवेट लि. के सीएमडी व मुख्य प्रवर्तक एस. वासुदेवन को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद उसे बंगलूरू की एक विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिन की ईडी हिरासत में भेज दिया गया। ईडी ने शुक्रवार को बताया, कंपनी और अन्य के खिलाफ जारी मनी लॉन्ड्रिंग जांच में वासुदेवन को 30 सितंबर को धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 की धारा 19 के तहत गिरफ्तार किया गया। जांच में पता चला था कि कंपनी ने वासुदेवन के साथ मिलकर धोखाधड़ी की। पैसे लेने के बावजूद खरीदारों को अपार्टमेंट एवं यूनिट का कब्जा नहीं दिया, बल्कि फंड अपने पास रखा और उसका गलत इस्तेमाल किया।

135 मुखौटा कंपनियों के जरिये 734 करोड़ की जीएसटी आईटीसी धोखाधड़ी, दो गिरफ्तार

ईडी ने जीएसटी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के बड़े फर्जीवाड़े का पर्दाफाश कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि दोनों ने 135 मुखौटा कंपनियों के जरिये 734 करोड़ से अधिक की जीएसटी आईटीसी धोखाधड़ी की। ईडी ने मामले की जांच झारखंड के जमशेदपुर स्थित डायरेक्टरेट जनरल ऑफ जीएसटी इंटेलिजेंस (डीजीजीआई) की कई शिकायतों के आधार पर शुरू की थी।

आरबीआई के नए नियम से बैंकों को बड़ा झटका

भारतीय बैंकों को 2026 की पहली छमाही में विदेशी मुद्रा कारोबार में करीब 50 करोड़ डॉलर का नुकसान हुआ। क्रिसिल ग्रीनविच की एक संयुक्त रिपोर्ट के मुताबिक, बैंकों को यह नुकसान आरबीआई के नए नियमों के चलते अपनी विदेशी मुद्रा पोजीशन घटाने से हुआ। आरबीआई ने 27 मार्च को बैंकों की रुपये से जुड़ी विदेशी मुद्रा पोजीशन की सीमा दिन के अंत तक 10 करोड़ डॉलर तय कर दी थी। इससे बैंकों को 10 अप्रैल तक अपनी अतिरिक्त पोजीशन खत्म करनी पड़ी और उनके ट्रेडिंग खातों पर नुकसान हुआ। रिपोर्ट में कहा गया है कि उस समय रुपया अस्थिर था और कंपनियों में करेंसी जोखिम से बचाव के लिए हेजिंग की मांग भी बहुत ज्यादा थी।

आईसीआईसीआई प्रू. के नए एमडी सिद्धार्थ मिश्रा

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने सिद्धार्थ मिश्रा को पांच साल के लिए कंपनी का नया एमडी व सीईओ नियुक्त किया है। वह 14 अक्तूबर, 2026 या फिर भारतीय बीमा नियामक इरडा की मंजूरी मिलने की तारीख (जो भी बाद में हो) से पद संभालेंगे। मिश्रा इससे पहले आईसीआईसीआई बैंक में डिजिटल चैनल, ग्राहक सेवा तथा एनआरआई कारोबार देख रहे थे। उनके पास बैंकिंग क्षेत्र में 26 साल से ज्यादा का अनुभव है। मौजूदा एमडी और सीईओ अनूप बागची 13 अक्तूबर को पद छोड़ेंगे। बागची को एचडीएफसी बैंक का एमडी और सीईओ नियुक्त किया गया है।

वायरल वीडियो: 'पति चोर'

कोमल रानी स्वर्णकार पर भड़कीं राखी सावंत, गोविंदा के निजी जीवन पर भी दिया बड़ा बयान

Rakhi Sawant: हाल ही में बॉलीवुड एक्टर गोविंदा और कोमल रानी स्वर्णकार मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट हुए थे। इससे पहले भी दोनों को कई बार साथ देखा गया है। अब इस मामले पर राखी सावंत ने गोविंदा को लेकर बड़ा बयान दिया है। जानिए उन्होंने क्या कहा। राखी सावंत अक्सर अपने बेबाक अंदाज और बयानों को लेकर चर्चा में रहती हैं। अब उन्होंने गोविंदा के निजी जीवन पर बड़े बयान दिए हैं। इससे पहले भी राखी ने गोविंदा और कोमल रानी स्वर्णकार के साथ लालबागचा राजा के दर्शन करने पर सवाल खड़े करते हुए वीडियो पोस्ट कर विरोध जताया था। अब एक बार फिर राखी अपने बयान के चलते चर्चा में आ गईं हैं।

गोविंदा पर भड़कीं राखी सावंत

पैपराजी से बात करते हुए राखी सावंत ने गोविंदा को लेकर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा, 'गोविंदा जी, पूरा देश नाराज है आपसे।' इसके बाद राखी सावंत की बात जल्द ही कोमल रानी स्वर्णकार पर आ गईं। कोमल पर तंज कसते हुए राखी ने पूछा, 'ये कोमल कौन है? ये मेरे बारे में बकवास कर रही है और दूसरे सेलेब्स के बारे में भी बकवास कर रही है। चिची भैया ने इसको ये पंख दिए हैं।

कोमल रानी को दी चेतावनी

राखी ने आगे कोमल को सीधे तौर पर चेतावनी भी दी। उन्होंने सुनीता का जिक्र करते हुए कहा, 'सुन, मेरी नाद में नहीं लगना। मैं सुनीता नहीं हूं, तेरी धज्जियां उड़ा के रख दूंगी।' इतना ही नहीं, राखी ने गोविंदा से जुड़ी अफवाहों को लेकर कोमल को 'पति चोर' भी कह दिया। बातचीत के दौरान पैपराजी ने राखी से कोमल के कथित तौर पर सिंदूर लगाने को लेकर भी सवाल किया। इस पर राखी ने तंज कसते हुए पूछा, 'हां, चिची भैया के नाम का सिंदूर?' राखी ने इस दौरान गोविंदा के लिए अपनी पुरानी दीवानगी का भी जिक्र किया। उन्होंने मजाकिया अंदाज में अभिनेता से अपने 65,999 रुपये वापस करने की मांग कर डाली। राखी ने दावा किया कि उन्होंने बचपन से गोविंदा की फिल्में देखने में इतनी रकम खर्च की है। उन्होंने कहा कि अब उन्हें वो पैसे वापस चाहिए।

सिंगीथम श्रीनिवास राव का निधन

नहीं रहे साउथ के दिग्गज निर्माता; 94 वर्ष की आयु में दुनिया को कहा अलविदा



साउथ फिल्म जगत के दिग्गज निर्माता-निर्देशक सिंगीथम श्रीनिवास राव का निधन हो गया। वे 94 वर्ष के थे। करीब छह दशक तक इंडस्ट्री में अपनी छाप छोड़ने वाले सिंगीथम श्रीनिवास बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने 'पुष्पक विमाना', 'आदित्य 369' और 'सिंग गीथम' जैसी फिल्में बनाईं। वे संगीतकार भी थे। उनके निधन से इंडस्ट्री को झटका लगा है। जूनियर एनटीआर से लेकर चिरंजीवी तक कई सितारों ने उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि दी है।

लीक से हटकर फिल्में बनाते थे

सिंगीथम श्रीनिवास राव का कल शनिवार रात चेन्नई में निधन हो गया। उम्र संबंधी तकलीफों के चलते वे बीमार थे। सिंगीथम को तबीयत खराब होने के बाद चेन्नई के कावेरी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। सिंगीथम श्रीनिवास को लीक से हटकर फिल्में बनाने के लिए जाना जाता था। उनके निधन पर इंडस्ट्री के लोगों ने उनकी छह दशकों की समृद्ध विरासत को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है। उन्हें 'पुष्पक विमानम' और टाइम-ट्रैवल पर आधारित शानदार फिल्म 'आदित्य 369' जैसी फिल्मों के लिए जाना गया।

आज होगा अंतिम संस्कार

सिंगीथम के निधन की खबर की पुष्टि परिवार की तरफ से की गई है। निर्माता के पोते अश्विन ने बताया कि फिल्ममेकर का अंतिम संस्कार आज शाम 4:30 बजे चेन्नई के एवीएम श्मशान घाट पर किया जाएगा।

सितारों ने अर्पित की श्रद्धांजलि

सिंगीथम श्रीनिवास राव के निधन की सूचना मिलने के बाद एक्टर्स, फिल्ममेकर्स और इंडस्ट्री के दिग्गज उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। एक्टर जूनियर एनटीआर ने सिंगीथम को याद करते हुए कहा, 'वे एक दूरदर्शी थे, जो अपने समय से आगे की सोचते थे। वे ऐसी फिल्में बनाते थे, जो कई पीढ़ियों के बाद भी नई लगती हैं'।

चिरंजीवी बोले- आपको बहुत याद करेंगे गारू

चिरंजीवी ने लिखा है, 'सिंगीथम श्रीनिवास राव गारू के निधन से गहरा दुख हुआ। वे एक सच्चे दूरदर्शी थे। उनकी कल्पना-शक्ति और नए विचारों को आजमाने के साहस ने भारतीय सिनेमा को कुछ ऐसी फिल्में दीं, जिन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनके परिवार और चाहने वालों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। सिंगीतम गारू, हम आपको बहुत याद करेंगे। आपकी फिल्में आने वाली पीढ़ियों से भी बात करती रहेंगी'। सुधीर बाबू, देवी श्री प्रसाद और वेंकटेश दग्गुबाती समेत कई अन्य सेलेब्स ने भी श्रद्धांजलि दी है।

मीका: 'बॉर्डर 2' के लिए कोई पोस्ट नहीं हानिया वाली फिल्म को किया प्रमोट

Mika Singh On Diljit Dosanjh: सिंगर मीका सिंह ने हाल ही में दिलजीत दोसांझ से कई सारे सवाल किए हैं। उन्होंने कहा कि अगर वह बॉलीवुड में काम करते हैं, तो उसे प्रमोट क्यों नहीं करते।

मीका सिंह ने हाल ही में दिलजीत दोसांझ के साथ अपने रिश्ते को लेकर बात की है। सिंगर ने कहा कि उन्हें दिलजीत पर गर्व है, लेकिन साथ ही मीका ने उनके बॉलीवुड फिल्मों को प्रमोट करने के तरीके पर सवाल भी उठाए।

मीका ने कहा कि उन्हें समझ नहीं आया कि दिलजीत ने 'बॉर्डर 2' के बारे में ज्यादा बात क्यों नहीं की, जबकि उनके मुताबिक उन्होंने 'सरदार जी 3' को ज्यादा प्रमोट किया, जिसमें पाकिस्तानी एक्ट्रेस हानिया आमिर भी थीं।

क्या बोले मीका सिंह?

टाइम्स नाउ के साथ बात करते हुए मीका ने कहा, 'मैं दिलजीत से क्यों जलूंगा? मुझे तो उन पर गर्व है। दलेर पाजी के बाद अगर कोई पगड़ी पहनकर सिंगर के तौर पर कामयाब हुआ है, तो वह दिलजीत हैं और वह बहुत अच्छा काम कर रहे हैं।'

मीका ने उठाए सवाल

इसके बाद मीका ने 'बॉर्डर 2' को लेकर बात की। सिंगर ने कहा, 'हो सकता है मैं गलत होऊं, लेकिन मुझे लगता है कि जब 'बॉर्डर 2' आई, तो दिलजीत पाजी ने इसका एक परसेंट भी प्रमोशन नहीं किया। उन्होंने सनी पाजी का एक परसेंट भी शुक्रिया अदा नहीं किया। मैंने दिलजीत को कभी यह कहते नहीं सुना कि सनी देओल के साथ मेरी फिल्म आ रही है, यह बहुत बड़ी बात है। उन्होंने 'बॉर्डर 2' के बारे में कभी बात नहीं की।'

मीका ने आगे कहा, 'जब फिल्म रिलीज हुई और उसके बाद भी मैंने उन्हें इसके बारे में कोई पोस्ट करते नहीं देखा। 'मैं वापस आऊंगा' भी रिलीज हुई, लेकिन उन्होंने कोई पोस्ट नहीं किया। उन्होंने अपनी फिल्म के बारे में सिर्फ एक पोस्ट किया, जिसमें एक पाकिस्तानी कलाकार था।' बता दें कि यहां मीका सिंह दिलजीत दोसांझ और हानिया आमिर स्टारर फिल्म 'सरदार जी 3' का जिक्र कर रहे हैं।'

बॉलीवुड को क्यों प्रमोट नहीं करते दिलजीत?

मीका ने आगे कहा, 'मुझे यह समझ नहीं आता। जब आप बॉलीवुड में काम करते हो तो बॉलीवुड को प्रमोट क्यों नहीं करते? फिर आप कहते हो कि मुझे बॉलीवुड की जरूरत नहीं है, लेकिन आप बॉलीवुड में काम भी करते हो। मैं ये बातें उसे भाई की तरह कह रहा हूं। 'बॉर्डर 2' हमारे देश की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक है। यह हिंदुस्तान के बारे में फिल्म है। आप इसके बारे में पोस्ट क्यों नहीं करते? आप उसका इंस्टाग्राम देख सकते हैं और देख सकते हैं कि क्या वहां 'बॉर्डर 2' को प्रमोट करने वाला एक भी वीडियो है।' बता दें कि दिलजीत ने 'बॉर्डर 2' का प्रमोशन किया था। दिसंबर 2025 में सिंगर ने फिल्म से अपना पहला लुक शेयर किया था और ट्रेलर समेत फिल्म के दूसरे प्रमोशनल कैंपेन में भी नजर आए थे। उन्होंने फिल्म की शूटिंग से जुड़े कुछ बिहाइंड-द-सीन्स वीडियो भी शेयर किए थे।

यामी गौतम और आदित्य धर मुंबई छोड़ इस शहर में बसा कपल?

Aditya Dhar And Yami Gautam: बॉलीवुड एक्ट्रेस यामी गौतम और फिल्ममेकर आदित्य धर को लेकर खबर है कि दोनों ने मुंबई छोड़कर हिमाचल प्रदेश को अपना परमानेंट बेस बना लिया है। जानिए क्या है पूरा मामला। बॉलीवुड के पावर कपल यामी गौतम और फिल्ममेकर आदित्य धर को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि सपनों के शहर से अब कपल सुकून भरे शहर में जिंदगी बिताने पहुंच गया है। जानिए खबर में कितनी सच्चाई है।

इस जगह रहेगा कपल

'फ्री प्रेस जर्नल' की एक रिपोर्ट के अनुसार, यामी और आदित्य ने हिमाचल प्रदेश में रहने का फैसला ज्यादा शांत और सुकून भरी जिंदगी के लिए लिया है। दोनों अपनी पर्सनल लाइफ को काफी प्राइवेट रखते हैं और काम के अलावा लाइमलाइट से दूर रहना पसंद करते हैं। कपल अब काम के सिलसिले में मुंबई आता-जाता है, लेकिन अपनी निजी जिंदगी के लिए हिमाचल में रहना पसंद कर रहा है।

यामी के लिए खास है हिमाचल

हिमाचल प्रदेश यामी गौतम के लिए सिर्फ घूमने की जगह नहीं है, बल्कि उनके दिल के बेहद करीब है। शादी से पहले ही यामी ने मंडी के गोहर में करीब 25 एकड़ में फैली एक 100 साल पुरानी हेरिटेज प्रॉपर्टी खरीदी थी। यह घर उनके परिवार और बचपन की यादों से भी जुड़ा हुआ है। यामी और आदित्य ने जून 2021 में इसी हिमाचली घर में शादी की थी। लकड़ी और पत्थरों से बना उनका यह घर चारों तरफ से हरियाली और खूबसूरत बगीचों से घिरा हुआ है। यहां सेब, आलू, बेर और अदरक जैसी चीजों की खेती भी की जाती है।

आज का राशिफल 04 अक्टूबर:

मेष, कर्क और मकर राशि वालों की होगी बल्ले-बल्ले, धन-करियर में मिलेंगे शुभ संकेत

4 अक्टूबर 2026 का दिन इन 6 राशियों के लिए खास रहने वाला है। जानें मेष, कर्क, सिंह, कन्या, कुंभ और मकर राशि वालों के लिए आज करियर, धन, स्वास्थ्य और रिश्तों के मामले में दिन कैसा रहेगा।

Today Horoscope 4 October : आज 4 अक्तूबर, रविवार का दिन है। ज्योतिष के अनुसार ग्रहों और नक्षत्रों की स्थिति का प्रभाव सभी 12 राशियों के जीवन पर अलग-अलग देखने को मिल सकता है। किसी राशि के जातकों को कामकाज में सफलता और नए अवसर मिल सकते हैं, तो कुछ लोगों को धन से जुड़े मामलों में सोच-समझकर फैसले लेने की जरूरत होगी। वहीं,

मेष

आज का दिन आपके लिए उम्मीदों और उत्साह से भरा रहेगा। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारी या पद मिलने के साथ आत्मविश्वास बढ़ेगा और आपकी मेहनत को पहचान मिलेगी। विद्यार्थियों को सफलता के लिए एकाग्र होकर मेहनत करनी होगी। किसी विरोधी की बातों से प्रभावित होकर खुद पर संदेह न करें। छोटी-छोटी योजनाएं आगे चलकर बड़ा लाभ दे सकती हैं। व्यापार में प्रगति के अच्छे संकेत हैं, हालांकि प्रॉपर्टी से जुड़े किसी मामले में थोड़ी चिंता हो सकती है।

वृषभ

आज खुद को साबित करने का जोश आपके भीतर साफ दिखाई देगा। आपकी मेहनत और मधुर वाणी लोगों को प्रभावित करेगी, जिससे सामाजिक स्तर पर मान-सम्मान भी बढ़ सकता है। प्रशासनिक या राजनीतिक मामले में थोड़ी सावधानी रखना जरूरी होगा। लंबी यात्रा नए अनुभव लेकर आ सकती है। विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा के नए अवसर सामने आएंगे। दिन का अंतिम समय परिवार और मनोरंजन के साथ खुशी से बीत सकता है।

मिथुन

आज किसी भी परिस्थिति में धैर्य बनाए रखना आपके लिए सबसे जरूरी रहेगा। कारोबार में जल्दबाजी या बड़ा जोखिम लेने से बचें और योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ें। काम में स्पष्टता रखेंगे तो कई उलझनें आसानी से दूर हो जाएंगी। सरकारी योजनाओं या सुविधाओं से लाभ मिलने के संकेत हैं। कार्यक्षेत्र की कोई पुरानी परेशानी अब धीरे-धीरे सुलझ सकती है। माता-पिता के साथ समय बिताने से मन को विशेष शांति मिलेगी।

कर्क

आज आपकी नेतृत्व क्षमता खुलकर सामने आएगी। टीम के साथ मिलकर किए गए काम में सफलता मिलने के साथ सम्मान भी प्राप्त हो सकता है। दांपत्य जीवन में प्रेम और समझदारी बनी रहेगी। बच्चों की खुशी के लिए कोई उपहार या खास योजना बना सकते हैं। आर्थिक स्थिति मजबूत होने से मन प्रसन्न रहेगा और धन-धान्य में वृद्धि के संकेत हैं। खोई हुई प्रिय वस्तु वापस मिल सकती है और नए वाहन की खरीदारी का सपना भी पूरा होने की संभावना है।

सिंह

नौकरीपेशा लोगों के लिए आज का दिन उत्साह से भरा रह सकता है। मनपसंद काम मिलने से कार्य के प्रति रुचि बढ़ेगी और मेहनत का अच्छा परिणाम भी सामने आएगा। नए लोगों से मुलाकात भविष्य में लाभ दे सकती है। अपने काम को लेकर स्पष्ट रहें और दूसरों की बातों में आकर अपने लक्ष्य से न भटकें। विरोधियों से दूरी बनाए रखना बेहतर होगा। सरकारी काम से जुड़ी कोई चिंता हो तो उसे समय रहते सुलझाने का प्रयास करें।

कन्या

आज आपको सफलता के साथ मन का संतोष भी मिलेगा। परिवार और रिश्तों में प्रेम बढ़ेगा, जिससे घर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। पुराने लेन-देन निपटाने का अवसर मिल सकता है, इसलिए आर्थिक मामलों में समझदारी से योजना बनाएं। परिवार में किसी शुभ या मांगलिक कार्यक्रम की तैयारी शुरू होने से उत्साह बढ़ेगा। लंबे समय से दिल में बसी कोई इच्छा पूरी होने की खुशी भी आज आपको मिल सकती है।

तुला

करियर के लिहाज से आज का दिन नई उम्मीद लेकर आ सकता है। अटका हुआ धन वापस मिलने से आर्थिक राहत महसूस होगी। कोई बड़ी इच्छा पूरी होने से आत्मविश्वास और खुशी दोनों बढ़ेंगे। अपनी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए योजनाबद्ध तरीके से काम करना लाभदायक रहेगा। परिवार में चल रही नाराजगी बातचीत और समझदारी से दूर हो सकती है और रिश्तों में फिर से गर्मजोशी लौटेगी।

वृश्चिक

आज का माहौल आपके लिए सकारात्मक और खुशियों से भरा रहेगा। सबको साथ लेकर चलने की आपकी खूबी लोगों को प्रभावित करेगी। हालांकि किसी की सलाह पर आंख बंद करके भरोसा करने के बजाय अपने विवेक से फैसला लेना बेहतर होगा। कोई करीबी सहयोगी मुश्किल समय में आपका साथ दे सकता है। पुरानी स्वास्थ्य संबंधी परेशानी थोड़ी तकलीफ दे सकती है, इसलिए लापरवाही न करें। अचानक आने वाले खर्चों के बावजूद परिवार का सहयोग बना रहेगा।

धनु

आज तरक्की के साथ नई उपलब्धियों के रास्ते खुल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में बड़ी जिम्मेदारी मिलने से आपकी प्रतिष्ठा और पद दोनों मजबूत हो सकते हैं तथा आय बढ़ने के संकेत भी हैं। किसी मित्र की अनजानी गलती आपके काम में थोड़ी रुकावट डाल सकती है, इसलिए सतर्क रहें। नया काम शुरू करने की योजना बन सकती है, लेकिन परिवार और भाई-बहनों की सलाह लेना फायदेमंद रहेगा। अविवाहित लोगों के जीवन में नए रिश्ते की शुरुआत के संकेत हैं।

मकर

आज आपकी रचनात्मकता और आत्मविश्वास दोनों मजबूत रहेंगे। नई योजनाओं और सृजनात्मक कामों में मन लगेगा और आप अपनी प्रतिभा को बेहतर तरीके से सामने ला पाएंगे। किसी जरूरतमंद की मदद करके मन को गहरा संतोष मिलेगा। राजनीति या सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। पुरानी गलतियों से सीखना आज आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। परिवार के साथ खुलकर बातचीत करने से रिश्तों की कई उलझनें आसानी से सुलझ सकती है

कुंभ

आज आपको अपने खर्चों को लेकर थोड़ा सतर्क रहना होगा। आसपास के लोगों को समझकर आगे बढ़ें, क्योंकि हर व्यक्ति आपकी सफलता से खुश हो, यह जरूरी नहीं है। किसी अनजान व्यक्ति की सलाह पर निवेश करने से बचना बेहतर रहेगा। संतान की ओर से कोई अच्छी खबर मन को खुशी दे सकती है। लंबे समय से अटका सरकारी काम पूरा होने की संभावना है। माता-पिता का आशीर्वाद और सहयोग आपके लिए विशेष रूप से लाभकारी रहेगा।

मीन

आज आपके सम्मान और उपलब्धियों में वृद्धि के संकेत हैं। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी और नए अवसर सामने आ सकते हैं। सहकर्मियों का सहयोग कठिन कामों को भी आसान बना देगा। हालांकि बातचीत के दौरान अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें, क्योंकि छोटी-सी बात गलतफहमी का कारण बन सकती है। सुनी-सुनाई बातों पर तुरंत विश्वास करने से बचें। परिवार में विवाह से जुड़ी कोई पुरानी रुकावट दूर होने से खुशी का माहौल बनेगा और दांपत्य जीवन में भी प्रेम और अपनापन बना रहेगा।

Aaj Ka Love Rashifal

मेष, तुला और मीन राशि वालों की लव लाइफ में बढ़ेगा प्यार ,मिलेगा पार्टनर का साथ

4 अक्टूबर 2026 को प्रेम और रिश्तों के मामले में ग्रहों की स्थिति का असर सभी राशियों पर अलग-अलग देखने को मिल सकता है। जानें आज मेष से मीन तक सभी राशियों के लिए प्यार और रिश्तों के लिहाज से दिन कैसा रहेगा।आज 4 अक्तूबर 2026 का दिन प्रेम और रिश्तों के मामले में कई राशियों के लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति का असर आपकी लव लाइफ, पार्टनर के साथ तालमेल और रिश्तों में चल रही परिस्थितियों पर पड़ सकता है। कुछ राशि वालों के लिए आज का दिन प्यार में नई शुरुआत और बढ़ती नजदीकियों का संकेत दे रहा है, वहीं कुछ लोगों को छोटी-छोटी बातों को लेकर होने वाली गलतफहमियों से बचना होगा।

मेष लव

आज आपको पार्टनर के साथ सुकून भरा समय बिताने का मौका मिलेगा। अगर हाल में किसी बात को लेकर रिश्ते में थोड़ी दूरी आई थी, तो खुलकर बातचीत करने से गलतफहमी दूर हो सकती है। वहीं सिंगल लोगों की किसी नए व्यक्ति से बातचीत शुरू होने की संभावना है।

तुला लव

आज प्रेम जीवन में खुशियां और उत्साह बना रहेगा। पार्टनर के साथ शॉपिंग, घूमने या लॉन्ग ड्राइव का कार्यक्रम बन सकता है। एक-दूसरे के साथ खुलकर बातचीत करने से रिश्ते में प्यार और समझ दोनों बढ़ेंगे।

मीन लव

आज पार्टनर के साथ भावनात्मक जुड़ाव और गहरा होगा। अगर रिश्ते में कोई पुरानी परेशानी चल रही थी, तो मिलकर उसका हल निकालने में सफलता मिल सकती है। शादीशुदा लोगों के बीच प्यार, शांति और आपसी समझ बनी रहेगी।

आज का अंक ज्योतिष 04 अक्तूबर: मूलांक 3, 5 और 7 वालों को मिल सकते हैं नए अवसर, आर्थिक स्थिति होगी बेहतर

4 अक्टूबर 2026 को अंक ज्योतिष के अनुसार आज का दिन मूलांक 1 से 9 तक के जातकों के लिए अलग-अलग परिणाम लेकर आएगा। जानें आज किस मूलांक को मिलेगा लाभ और किन लोगों को सावधानी बरतनी होगी।

Dainik Ank Jyotish: अंक ज्योतिष में हर मूलांक का अपना विशेष महत्व माना जाता है और जन्मतिथि के आधार पर आज का दिन आपके लिए कई तरह के संकेत लेकर आ सकता है। कुछ मूलांक वाले जातकों को कामकाज और आर्थिक मामलों में अच्छे अवसर मिल सकते हैं, जबकि कुछ लोगों को महत्वपूर्ण फैसले लेते समय थोड़ा संयम बरतना होगा। आज का दिन नौकरी, व्यापार, धन, परिवार और निजी जीवन के लिहाज से कैसा रहेगा, यह आपके मूलांक पर निर्भर कर सकता है। अगर आप भी जानना चाहते हैं कि 4 अक्टूबर का दिन आपके लिए कैसा रहने वाला है और आज किन मामलों में सफलता मिल सकती है, तो पढ़ें मूलांक 1 से 9 तक का आज का अंक ज्योतिष।

4 अक्तूबर की भाग्यशाली राशियां: आर्थिक मोर्चे पर मिल सकती है कामयाबी और अधूरे काम होंगे पूरे

04 अक्टूबर को ग्रहों-नक्षत्रों की चाल का प्रभाव सभी 12 राशियों के जातकों के ऊपर पड़ेगा। ऐसे में आइए जानते हैं 04 अक्टूबर की भाग्यशाली राशियां कौन-कौन सी हैं।

रविवार, 4 अक्टूबर का दिन कुछ राशि वालों के लिए बहुत ही शानदार रहेगा। ग्रहों-नक्षत्रों की चाल का प्रभाव कुछ राशि वालों के लिए अच्छे संकेत हैं। करियर-कारोबार में आपको अच्छी खबरें सुनने को मिल सकती है। कल के दिन कुछ अटके काम पूरे होने की संभावना है। साथ ही कुछ नए तरह के अवसरों की प्राप्ति भी होगी। ऐसे में आइए जानते हैं कल, 4 अक्टूबर की भाग्यशाली राशियों के बारे में।

मेष राशि

वालों के लिए कल का दिन बहुत ही शुभ और सकारात्मक रहेगा। आर्थिक मोर्चे पर अच्छी खबरें सुनने को मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको बेहतर परिणाम मिलेंगे। आय में इजाफा होगा और अचानक से कोई बड़ा लाभ या फिर अच्छी खबरें सुनने को मिल सकती है। आपको पुरानी परेशानियों से निजात मिलेगी। आपको रविवार को कुछ पुराने उधार वापस मिल सकते हैं।

वृषभ राशि

वृषभ राशि वालों के लिए रविवार का दिन बहुत ही अच्छा, शानदार और लाभ से भरा हुआ होगा। करियर-कारोबार में आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूती मिलेगी। लाभ प्राप्ति के अच्छे मौके मिलेंगे। रविवार के दिन आपको किसी पुरानी समस्या का समाधान मिलेगा। रोजगार के सुनहरे अवसर आपको मिलेंगे जिससे आपके कुछ अच्छे अवसर मिल सकते हैं

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के सामने खिताब बचाने की चुनौती

भारतीय महिला हॉकी टीम ने स्वर्ण जीतकर एशियन गेम्स में अपने अभियान का अंत शानदार तरीके से किया। अब पुरुष हॉकी टीम के पास लगातार दूसरी बार स्वर्ण जीतने का मौका है। पुरुष हॉकी टीम का फाइनल में सामना मलयेशिया से है। भारत को हॉकी में एक और स्वर्ण की उम्मीद होगी।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम को मलयेशिया के खिलाफ एशियन गेम्स के फाइनल में शनिवार को अपना खिताब बरकरार रखने और लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 का टिकट कटाने के लिए गलतियों से सबक लेकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारतीय टीम ने कभी लगातार दो एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक नहीं जीता है और उसके पास शनिवार को यह कामयाबी हासिल करके भारतीय हॉकी का सुनहरा अध्याय लिखने का मौका है।

पिछली गलतियों से बचना होगा
सेमीफाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ लचर प्रदर्शन के बाद अब मलयेशिया के खिलाफ उन गलतियों को दोहराने से बचना होगा। पाकिस्तान के खिलाफ 23वें मिनट तक तीन गोल की बढ़त बनाने के बाद भारत ने दूसरे हाफ में तीन गोल गंवा दिए और आखिरी सीटी बजने से 49 सेकेंड पहले अभिषेक के गोल के दम पर 4-3 से मिली जीत से फाइनल में जगह बनाई।

डिफेंस रखना होगा मजबूत
पिछली बार की चैंपियन भारतीय टीम को डिफेंस मजबूत रखना होगा। डिफेंस के चरमराने से ही पाकिस्तानी टीम का वापसी का मौका मिला था। सेमीफाइनल और फाइनल के बीच एक ही दिन का अंतर होने से रिकवरी भी अहम होगी। दूसरी ओर मलयेशिया ने दक्षिण कोरिया को 2-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। पिछले तीन बार में मलयेशिया दूसरी बार फाइनल में पहुंचा है।

भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा, मलयेशिया ने अच्छा प्रदर्शन किया है और यह मुकाबला अच्छा रहेगा। हमने काफी समय से मलयेशिया से खेला नहीं है। दोनों टीमें आक्रामक खेलती हैं और खिलाड़ियों के पास हुनर के साथ रफ्तार भी है। हम सिर्फ अपनी रणनीति पर फोकस करना चाहते हैं।

भारतीय महिला हॉकी टीम ने स्वर्ण जीतकर एशियन गेम्स में अपने अभियान का अंत शानदार तरीके से किया। अब पुरुष हॉकी टीम के पास लगातार दूसरी बार स्वर्ण जीतने का मौका है। पुरुष हॉकी टीम का फाइनल में सामना मलयेशिया से है। भारत को हॉकी में एक और स्वर्ण की उम्मीद होगी।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम को मलयेशिया के खिलाफ एशियन गेम्स के फाइनल में शनिवार को अपना खिताब बरकरार रखने और लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 का टिकट कटाने के लिए गलतियों से सबक लेकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारतीय टीम ने कभी लगातार दो एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक नहीं जीता है और उसके पास शनिवार को यह कामयाबी हासिल करके भारतीय हॉकी का सुनहरा अध्याय लिखने का मौका है।

पिछली गलतियों से बचना होगा
सेमीफाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ लचर प्रदर्शन के बाद अब मलयेशिया के खिलाफ उन गलतियों को दोहराने से बचना होगा। पाकिस्तान के खिलाफ 23वें मिनट तक तीन गोल की बढ़त बनाने के बाद भारत ने दूसरे हाफ में तीन गोल गंवा दिए और आखिरी सीटी बजने से 49 सेकेंड पहले अभिषेक के गोल के दम पर 4-3 से मिली जीत से फाइनल में जगह बनाई।

डिफेंस रखना होगा मजबूत
पिछली बार की चैंपियन भारतीय टीम को डिफेंस मजबूत रखना होगा। डिफेंस के चरमराने से ही पाकिस्तानी टीम का वापसी का मौका मिला था। सेमीफाइनल और फाइनल के बीच एक ही दिन का अंतर होने से रिकवरी भी अहम होगी। दूसरी ओर मलयेशिया ने दक्षिण कोरिया को 2-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। पिछले तीन बार में मलयेशिया दूसरी बार फाइनल में पहुंचा है।

95 पर भारत को छठा झटका, शिवम दुबे 15 गेंद पर 27 रन बनाकर आउट

IND vs PAK Live Score: भारत को छठा झटका
भारत को 195 के स्कोर पर छठा झटका लगा। शिवम दुबे को अहमद दानियाल ने सदाकत के हाथों कैच कराया। वह 15 गेंद में दो चौके और दो छक्के की मदद से 27 रन बनाकर आउट हुए। फिलहाल अक्षर पटेल और तिलक वर्मा क्रीज पर हैं।

IND vs PAK Live Score: तिलक ने बरसाए छक्के
18 ओवर के बाद भारत ने पांच विकेट पर 172 रन बना लिए हैं। तिलक वर्मा 16 गेंद में 30 रन और दुबे 10 रन बनाकर क्रीज पर हैं। 18वें ओवर में सुफियान मुकीम की आखिरी दो गेंद पर तिलक ने छक्के लगाए।

IND vs PAK Live Score: 17 ओवर का खेल हुआ
17 ओवर के बाद भारत ने पांच विकेट गंवाकर 154 रन बना लिए हैं। फिलहाल शिवम दुबे नौ रन और तिलक वर्मा 13 रन बनाकर क्रीज पर हैं। इन दोनों के बीच 20 से ज्यादा रन की साझेदारी हो चुकी है।

IND vs PAK Live Score: भारत को पांचवां झटका
भारत को 15वें ओवर में 133 के स्कोर पर पांचवां झटका लगा। कप्तान श्रेयस अय्यर 24 गेंद में 21 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने अपनी पारी में दो चौके लगाए। फिलहाल उपकप्तान तिलक वर्मा और शिवम दुबे क्रीज पर हैं। 15 ओवर के बाद भारत का स्कोर पांच विकेट पर 137 रन है। भारत का स्कोर एक विकेट तीन विकेट पर 128 रन था। इसके बाद 128 के स्कोर पर चौथा और 133 के स्कोर पर पांचवां झटका लगा। पांच रन बनाने में भारत ने ईशान किशन और श्रेयस के विकेट गंवा दिए। श्रेयस और ईशान के बीच 32 गेंद में 35 रन की साझेदारी हुई।

भारत vs वेस्टइंडीज: क्या धोनी की इस सलाह ने कप्तान शाई होप को बना दिया हीरो? अपनी टीम को क्लीन स्वीप से बचाया

भारत के खिलाफ तीसरे वनडे में वेस्टइंडीज ने 352 रन का लक्ष्य पांच विकेट से हासिल कर इतिहास रच दिया। शाई होप ने नाबाद 162 रन की पारी खेली। मैच के बाद उन्होंने बताया कि एमएस धोनी की एक सलाह ने उन्हें दबाव में धैर्य बनाए रखने और लक्ष्य को छोटे हिस्सों में बांटकर हासिल करने में मदद की।

वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने भारत के खिलाफ तीसरे वनडे में ऐसी पारी खेली, जिसने उनकी टीम को ऐतिहासिक जीत दिला दी। भारत ने 351/7 का विशाल स्कोर खड़ा किया था। जवाब में वेस्टइंडीज ने 48.2 ओवर में पांच विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। होप 143 गेंदों पर 162 रन बनाकर नाबाद रहे।

मैच के बाद होप ने बताया कि भारत के पूर्व कप्तान एमएस धोनी की कही एक बात उन्हें इस मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते समय याद आ रही थी। होप ने कहा कि धोनी ने उनसे कहा था कि उनके पास जितना वह सोचते हैं, उससे ज्यादा समय होता है। होप ने कहा, 'मेरी महान खिलाड़ी एमएस धोनी के साथ अच्छी बातचीत हुई थी। उन्होंने मुझसे कहा था कि आपके पास हमेशा उतना समय होता है, जितना आप सोचते हैं उससे ज्यादा। इसलिए हमने लक्ष्य को छोटे हिस्सों में बांटने की कोशिश की।'

352 रन के लक्ष्य का दबाव नहीं आने दिया
वेस्टइंडीज की शुरुआत लक्ष्य के लिहाज से आसान नहीं थी। टीम के कुछ प्रमुख बल्लेबाज उपलब्ध नहीं थे और होप को 50 ओवर तक विकेटकीपिंग करने के बाद पारी की शुरुआत भी करनी पड़ी। इसके बावजूद उन्होंने धैर्य नहीं खोया। होप ने बताया कि उन्हें ग्रोइन के आसपास परेशानी भी महसूस हुई, लेकिन उन्होंने अंत तक लड़ने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि भारत को ओवर रेट की वजह से फील्डरों को अंदर लाना पड़ सकता था और इसी बात को ध्यान में रखते हुए उन्होंने धैर्य बनाए रखा। अमीर जांगू ने 67 रन और कीमो पॉल ने 44 रन की उपयोगी पारी खेली। वहीं होप ने नाबाद 162 रन बनाकर वेस्टइंडीज को लक्ष्य तक पहुंचाया। यह वनडे में वेस्टइंडीज का सबसे बड़ा सफल रन चेज भी रहा।

भारत ने पहले खड़ा किया था 351 रन का स्कोर
इससे पहले भारत ने 50 ओवर में 351/7 रन बनाए थे। केएल राहुल ने नाबाद 129 रन की शानदार पारी खेली। रोहित शर्मा ने 92 और ऋतुराज गायकवाड़ ने 57 रन बनाए। भारत के विशाल स्कोर के बाद वेस्टइंडीज की जीत की उम्मीद कम ही नजर आ रही थी, लेकिन होप ने पूरी तस्वीर बदल दी। भारत पहले ही तीन मैचों की सीरीज के शुरुआती दोनों मुकाबले जीतकर सीरीज अपने नाम कर चुका था। इसलिए तीसरे वनडे में वेस्टइंडीज की जीत उसके लिए सांत्वना जीत रही, लेकिन इस प्रदर्शन ने टीम को आगामी मुकाबलों के लिए बड़ा आत्मविश्वास दिया।

गिल ने फील्डिंग और डेथ बॉलिंग पर जताई चिंता
भारत के कप्तान शुभमन गिल ने हार के बाद टीम की कुछ कमजोरियों को स्वीकार किया। उन्होंने खास तौर पर फील्डिंग और डेथ ओवर की गेंदबाजी को लेकर चिंता जताई। गिल ने कहा, 'हमने करीब छह-सात कैच छोड़े। यह अच्छा संकेत नहीं है, खासकर विश्व कप से पहले।' उन्होंने डेथ ओवर में रणनीति को लेकर भी सुधार की जरूरत बताई। गिल ने कहा, 'हमें अपनी डेथ बॉलिंग पर काम करना होगा। हमें यह स्पष्ट नहीं है कि हम आक्रमण कर रहे हैं या बचाव। डेथ ओवर में फील्डिंग को लेकर भी हमें स्पष्टता हासिल करनी होगी।' भारत ने इससे पहले दूसरे वनडे में 400 से ज्यादा रन दिए थे, हालांकि वह मुकाबला जीतने में सफल रहा था। तीसरे वनडे में भी गेंदबाजी और फील्डिंग की कमियों ने टीम को मुश्किल में डाल दिया। दूसरी ओर, होप की पारी ने वेस्टइंडीज को भारत के खिलाफ यादगार जीत दिला दी।

ब्राजील की टीम कोलकाता पहुंची: पहली बार भारत से खेलेगी अंतरराष्ट्रीय मैच

भारत और ब्राजील के बीच कोलकाता में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय मैत्री मुकाबला खेला जाएगा। इसके लिए ब्राजील की टीम कोलकाता पहुंच गई है। यह पहली बार होगा जब ब्राजील की टीम भारत के खिलाफ मैच खेलेगी।

भारतीय फुटबॉल टीम अभी तक के अपने सबसे बड़े मुकाबले में शनिवार को जब पांच बार की विश्व चैंपियन ब्राजील के खिलाफ प्रतिष्ठित सॉल्ट लेक स्टेडियम में मैत्री मैच खेलने के लिए उतरेगी तो वह बिना किसी दबाव के अपना सर्वश्रेष्ठ खेल खेलने की कोशिश करेगी। कई स्टार खिलाड़ियों से सजी और विश्व रैंकिंग में पांचवें स्थान पर काबिज ब्राजील पहली बार भारत के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगा। उसकी टीम में रियाल मैड्रिड के फॉरवर्ड विनीसियस जूनियर, आर्सेनल के डिफेंडर गैब्रियल मैगाल्हेस, मिडफील्डर ब्रूनो गुइमारेस और अनुभवी मार्क्विनहोस शामिल हैं।

कोलकाता में ब्राजील का है बड़ा फैन बेस
ब्राजील की टीम ऐसे शहर पहुंची है जहां उनकी पीली जर्सी के दीवानों की कमी नहीं है। विश्व कप के दौरान यह शहर ब्राजील और अर्जेंटीना की जर्सी रंग से पटा रहता है। कागजों पर भले ही यह मुकाबला बेमेल नजर आ रहा हो लेकिन 138वें स्थान पर काबिज भारत के लिए अपनी प्रगति को परखने का यह शानदार मौका है। भारतीय टीम कभी भी विश्व कप के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाई है और वह सऊदी अरब में होने वाले 2027 एशियाई कप के लिए भी क्वालिफाई करने में असफल रही है जिससे पता चलता है कि एशिया की मजबूत टीमों और भारत के बीच भी बड़ा अंतर है।

लेखकों के वैचारिक दृष्टिकोण से या संवाददाताओं की खबरों से संपादक की सहमति-असहमति अनिवार्य नहीं है। किसी लेख या खबर के सन्दर्भ में आपत्ति या विरोध हो तो संपादकीय कार्यालय से सम्पर्क करें।
आपके स्पष्टीकरण को सहर्ष प्रकाशित किया जाएगा।
- सम्पादक

R.N.I. No.
UPHIN/25/A4228
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक
निर्भय कुमार सेंगर
के लिए 'प्लैनेट न्यूज इंडिया' प्रेस से छपवाकर,
बी-9, मानसी भवन,
विकास कॉलोनी, चामला पेट्रोल पंप के पास,
रामघाट रोड, अलीगढ़
(उ.प्र.) से प्रकाशित।
मो. 9454428661
प्रधान संपादक- निर्भय कुमार सेंगर
(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अलीगढ़ होगा)
Email:planetnewsindia776@gmail.com

BOOK YOUR ADVERTISEMENT

+91-7088120300